रांची, शनिवार, 5 जुलाई 2025

संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 10 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 301 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ आर्थिकी-रोजगार बढ़ा रहा सहकारिता क्षेत्र

चेहरे पर खून, बड़ी मूंछें और खतरनाक हथियार, सलमान का बैटल ऑफ गलवान ◂◂ 6




रामगढ़ में बड़ा हादसा

# सीसीएल करमा प्रोजेक्ट के खुले खदान में चाल धंसने से 4 की मौत, 3 घायल

● अवैध खनन के दौरान धंसी चाल ● सीसीएल पर लापरवाही का आरोप

**संवाददाता**

**रामगढ़:** शनिवार की सुबह रामगढ़ में दर्दनाक हादसा हुआ है। सीसीएल के करमा प्रोजेक्ट सुगिया में चाल धंसने से कई लोगों के दबे होने की सूचना है। इस हादसे में 4 की मौत हो गई है। 5 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली है। उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

चाल धंसने की सूचना के बाद वहां स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई है। मिली जानकारी



के अनुसार, सीसीएल ने कुछ दिनों पहले इस खदान को बंद कर दिया था। इसके बाद अवैध रूप से यहां खनन शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात अवैध खनन के दौरान चाल धंस गई। इस हादसे में आठ से दस लोगों के फंसे होने की सूचना है।

इस हादसे ने सीसीएल की लापरवाही उजागर कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सीसीएल द्वारा ओपन कास्ट माइंस में ब्लास्टिंग की गई थी और इसके बाद बारिश होने की वजह से इसे छोड़ दिया गया। इसी बीच स्थानीय ग्रामीण वहां कोयला निकालने पहुंचे और चाल धंसने के बाद माइंस के अंदर चल गए। सूचना मिलने के बाद बचाव कार्य शुरू किया जा रहा है। रामगढ़ के कुजू के महुआ टुंगरी इलाके में अवैध कोयला खदान में काम चल रहा था। इस दौरान बारिश के कारण कोयला खदान भरभराकर धंस गई। धंसने के कारण उसमें काम कर रहे 10 मजदूरों में से चार की मौत हो गई। मृतकों की पहचान वकील करमाली,, इम्तियाज और निर्मल मुंडा के रूप में हुई है।

## पीयूष गोयल कितने भी दावे कर लें,पीएम मोदी का ट्रंप टैरिफ के सामने झुकना तय: राहुल गांधी



**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल जो भी दावे करें, लेकिन यह तय है कि पीएम मोदी दबाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ शर्तों के सामने घुटने टेक देंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा पीयूष गोयल चाहे जितनी चाहें छाती पीट लें, लेकिन मेरी बात पर ध्यान देना कि पीएम मोदी ट्रंप की टैरिफ डेडलाइन के आगे झुक जाएंगे। कांग्रेस नेता ने इसके साथ ही पीयूष गोयल के बयान पर छपी एक खबर की कतरन भी पोस्ट की है जिसमें वह दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार के लिए अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के दौरान यूएस टैरिफ की तय सीमा से ज्यादा महत्वपूर्ण भारत का हित है। राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया वाणिज्य मंत्री के उस बयान पर आई है जिसमे श्री गोयल ने कहा है कि भारत ने कभी व्यापार समझौते या उसके किसी हिस्से पर समय की कोई बाध्यता या दबाव में चर्चा नहीं की है। हमे राष्ट्रीय हितों को सुनिश्चित कर ऐसा निष्पक्ष समझौता चाहिए जिसका सतत लाभ हमें मिलता रहे।

## सड़क हादसे में दो कारोबारियों के बेटे की मौत




**धनबाद:** जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, घटना राजगंज सिक्स लेन की है। हादसे में धनबाद बैंक मोड़ अवस्थित रेमंड शो रूम के मालिक विशाल कृष्णाणी के 24 वर्षीय इकलौते बेटे साहिल कृष्णाणी और मटकुरिया चेंबर अवस्थित मोटर पार्ट्स दुकान के मालिक हरदयाल सिंह के 25 वर्षीय इकलौते बेटे अनमोल की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कोलकाता - दिल्ली सिक्स लेन पर बरवाअड्डा से राजगंज की ओर आ रही आई ट्वेन्टी कार जेएच 10 सीटी 0014 अचानक अनियंत्रित हो गई। कार बीच सड़क पर करीब दो-ढाई फीट तक पलटते हुए डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर के बाद कार एप्रोच रोड पर उल्टा जा गिरी। इस दौरान साहिल और अनमोल कार के ही अंदर फंसे हुए थे।

## जमशेदपुर के अमूल प्लांट में लगी आग, करोड़ों का नुकसान, पूरा गोदाम जलकर खाक

**जमशेदपुर:** जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां अमूल प्लांट में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ। आग इतनी भीषण थी कि पूरा गोदाम जल गया। जानकारी के अनुसार, शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग के सिमुलडांगा गांव में स्थित अमूल प्लांट में शनिवार सुबह भीषण आग लग गयी। आग में जलकर पूरा गोदाम और उसमें रखा दूध, दही और मक्खन समेत अनेक सामान जलकर नष्ट हो गये। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गयी।

बताया गया कि एमजीएम थाना अंतर्गत एनएच पर




सिमुलडांगा गांव में अमूल की फैक्ट्री में आग लगी। आग इतनी भयानक थी कि उसने थोड़ी ही देर में पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने फायर स्टेशन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सबकुछ जलकर खाक हो चुका था।

हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक बात करने की स्थिति में भी नहीं दिखे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस घटना में फैक्ट्री मालिक को करोड़ों का नुकसान हुआ है। हालांकि, आग कैसे लगी इसके बारे में अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## रामबन में अमरनाथ यात्रियों की पांच बसें आपस में टकराईं, 36 तीर्थयात्री घायल



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार को अमरनाथ तीर्थयात्रा के काफिले में शामिल पांच बसें आपस में टकरा गईं, जिसमें 36 तीर्थयात्री मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ये बसें जम्मू के भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम बेस कैंप की ओर जा रही थीं। हादसा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकोट के पास हुआ।

दुर्घटना का कारण एक बस के ब्रेक फेल होना बताया गया है। ब्रेक फेल होने के कारण उस बस ने आगे चल रही अन्य बसों को टक्कर मार दी। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। जिन बसों को नुकसान पहुंचा, उन्हें नई बसों से बदला गया और यात्रा फिर से शुरू कर दी गई। रामबन के डिप्टी कमिश्नर ने एक्स पर लिखा, पहलगाम काफिले के आखिरी वाहन ने नियंत्रण खो दिया और चंद्रकोट लंगर स्थल पर खड़े वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे चार वाहन क्षतिग्रस्त हुए और 36 यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद जिला प्रशासन ने घायलों को तुरंत डीएच रामबन अस्पताल पहुंचाया। यात्रियों को बाद में अन्य वाहनों से आगे की यात्रा पर भेजा गया। 6,979 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हो चुका है।

## बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या , बाइक सवार अपराधियों ने सिर में मारी गोली

सात साल पहले गोपाल खेमका के बेटे की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी

**पटना:** बिहार के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की अपराधियों ने उनके घर के पास ही गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। सात साल पहले गोपाल खेमका के बेटे की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

शुक्रवार रात गांधी मैदान थाना क्षेत्र के बदमाशों ने गोपाल खेमका पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। घायल अवस्था में उन्हे मेडिवर्सल अस्पलात में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका पटना के कई सामाजिक संगठनों से जुड़े थे। इससे पहले 20 दिसंबर 2018 को हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार भी किया था लेकिन हत्या के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया। इस मामले में पुलिस ने जिस मस्तु सिंह को गिरफ्तार किया था उसकी भी हत्या





कर दी गयी।

मिली जानकारी के मुताबिक गोपाल खेमका अपनी गाड़ी से गांधी मैदान राम गुलाम चौक स्थित घर के समीप उतर रहे थे। इस दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना के बाद पटना पुलिस के सभी वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि पुलिस छानबीन कर रही है। सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की पहचान और तलाश में पुलिस जुट गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## कैरिबयाई देशों से संबंधों को मजबूत बनाएगा भारत त्रिनिदाद-टोबैगो के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर

**एजेंसी/पोर्ट ऑफ स्पेन/नई दिल्ली :** भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो ने जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा क्षेत्र की समसामयिक चुनौतियों से मिलकर निपटने के लिए सहयोग बढाने तथा भारत-कैरिकॉम साझेदारी को अधिक मजबूत बनाने पर सहमति व्यक्त की है। त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार देर रात प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह बात कही। उनकी वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच फार्मा, ऊर्जा , संस्कृति और खेल आदि क्षेत्रों में सहयोग बढाने के छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए।

बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पनहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों को त्रिनिदाद एवं टोबैगो द्वारा दिए गए मजबूत समर्थन एवं एकजुटता की सराहना की। बाद में एक बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष ग्लोबल साउथ के देशों के बीच अधिक एकजुटता के लिए मिलकर काम करने और भारत-कैरिकॉम साझेदारी को मजबूत करने पर सहमत हुए। वार्ता के बाद फामाकोपिया, त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं, संस्कृति, खेल, राजनयिक प्रशिक्षण और हिंदी एवं भारतीय अध्ययन के लिए आईसीसीआर चेयर के क्षेत्रों में छह समझौता ज्ञापनों का



आदान-प्रदान किया गया।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड की पेशकश सहित द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा और फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल परिवर्तन, यूपीआई, क्षमता निर्माण, संस्कृति, खेल और लोगों के बीच संबंधों सहित संभावित सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करेगी। दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा ने दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा दिया है।

दोनों पक्षों ने छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जिनमें भारतीय फामाकोपिया पर समझौता ज्ञापन, त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं (क्यूआईपी) के कार्यान्वयन के लिए भारतीय अनुदान सहायता पर समझौता, वर्ष 2025-2028 की अवधि के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान का कार्यक्रम, खेलों में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, राजनयिक प्रशिक्षण में सहयोग पर समझौता ज्ञापन और वेस्टइंडीज विश्वविद्यालय (यूडब्ल्यूआई), त्रिनिदाद और टोबैगो में हिंदी और भारतीय अध्ययन के दो आईसीसीआर चेयर की पुनः स्थापना पर समझौता ज्ञापन शामिल है।

न्यूज IN ब्रीफ

## बकाया पैसा मांगने पर युवक पर भुजाली से किया वार, गंभीर

**मुरी:** बकाया पैसा मांगने पर भुजाली से वार किया गया और हालत नाजुक है। डा रमणेश के यहां भर्ती कराया गया। मामला मुरी सिल्ली से सटे तुलिन बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ी है। पिंटु महतो का नाम मारने में आया , उसके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे। पीड़ित व्यक्ति उदय साहू के पुत्र राज अस्पताल में भर्ती हैं।इस धटना के पीछे जो चर्चा है कि बकाया पैसा मांगने स्व संजय साहु के पुत्र सन्नी साहु पिंटू महतो के घर पहुंचा। पैसा मांगने पर बात बढ़ गया,इसकी सूचना पाकर सन्नी के चाचा उदय साहू और पुत्र राज पीछे से पहुंचे। उदय साहू समझाते, तब तक राज पर भुजाली से वार कर दिया। फिर घर को बंद कर दिया गया। मारपीट चलता रहा। जिसमें राज को हाथ और पेट पर गंभीर धाव बना ।
जल्दी में राज को अस्पताल पहुंचाया गया। इधर तुलिन ओपी का कहना है कि मारने वालों में छह का नाम मिला है जबकि तीन को गिरफ्तार किया गया है। तुलिन में इसको लेकर ला एंड आर्डर पुलिस के कन्ट्रोल में है।

## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पौधा भेंट कर अतिथियों के स्वागत से हुआ।
विकास योजनाओं की समीक्षाः बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बिजली, सड़क निर्माण, पीएम स्वनिधि योजना आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।इसके साथ ही, 31 अगस्त 2024 को आयोजित पूर्व दिशा बैठक में उठाए गए बिंदुओं जैसेः सांसद आदर्श ग्राम योजना, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पुल निर्माण कार्य, पेयजलापूर्ति से संबंधित, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई और अनुपालन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई।
महत्वपूर्ण विषयों पर निर्देशः वृद्धा पेंशन से संबंधित समस्या पर चर्चा करते हुए कहा गया कि उम्र अधिक होने के कारण लाभुकों की बायोमैट्रिक सत्यापन में कठिनाई हो रही है, जिससे राशि की निकासी बाधित हो रही है। सामाजिक सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। हेरुआ नदी पर स्थित पुराने पुल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि उस पर भारी वाहनों का लगातार आवागमन हो रहा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। संबंधित विभाग को पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराकर कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सहकारिता पदाधिकारी को पैक्स चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा को नल जल योजना का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।
सड़क सुरक्षा से संबंधित निर्देशः बैठक के दौरान सड़क किनारे स्थित सूखे और खतरनाक पेड़ों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। निर्देशित किया गया कि ऐसे पेड़, जिनके कारण सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं और जिनके कटाई हेतु वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त हो चुका है, उन्हें चिन्हित करते हुए सम्बंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ओवरलोड वाहनों एवं बिना त्रिपाल ढके खनिज लदे वाहनों को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध नियमपूर्वक जांच अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज संसाधनों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। सांसद श्री कालीचरण सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जनसहभागिता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने सभी अधिकारियों को योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी विभागों द्वारा क्रमवार योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव एवं निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त कीर्तिश्री , पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, चतरा विधायक जनार्दन पासवान,सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल, हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह (हजारीबाग लोकसभा), वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा एवं दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम एवं सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सभी प्रखंड प्रमुख, दिशा के सदस्यगण, एवं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुखिया पुत्र ने पांच साल के बच्चे को पटका, मौत

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में दो बच्चों के बीच हुई लडाई में पांच साल के एक बच्चे की जान चली गई। मृतक बच्चे की पहचान वीरु कुमार भारती के पांच वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप में हुई है। बच्चे को मारने का आरोप पाराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया केदार भुईंया व वर्तमान मुखिया रेखा देवी के पुत्र 15 वर्षीय रीशु कुमार और 13 वर्षीय डीसू कुमार पर लग रही है। मृतक बच्चे के पिता वीरु भारती ने बताया कि बुधवार की शाम उसका बेटा कार्तिक कुमार बगल में केदार भुईंया के घर में संचालित दुकान से बिस्कुट लाने गया था। जहां वह राजा भारती के बेटे के साथ खेलने लगा। खेल खेल में दोनों बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच वहां केदार भारती का पुत्र रिशु कुमार वहां पहुंचा और कार्तिक को उठाकर सड़क किनारे रखा गया पत्थर के छर्री पर पटक दिया। इससे कार्तिक का गर्दन मुड़ गया और वह बेहोश हो गया। आसपास के लोग दौड़े तो देखा कि कार्तिक बेहोश पड़ा हुआ है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने गुरुवार की सुबह उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पिता वीरु भुइंया ने सदर थाना में रीशु कुमार और डीसू कुमार दोनों भाइयों के विरुद्ध एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है।

## लापता युवक का सुराग नहीं

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेबो गांव का एक युवक के लापता हुए दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन हंटरगंज थाना पुलिस को अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस मामले में परिजनों के द्वारा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। परिजनों में पुलिस की निष्क्रियता से गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते खुद पीड़ित परिवार लापता युवक को खोजने का एक तरीका निकाला है।

### पंचायतों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# महिला घर चला सकती है तो पंचायत भी बेहतर ढंग से चला सकती है: दीपिका सिंह

संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायतों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय रहीं, जिन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और झारखंड इसका सशक्त उदाहरण है, जहां 55 प्रतिशत पंचायत प्रतिनिधि महिलाएं हैं।
मंत्री ने कहा कि महिलाएं जैसे अपने परिवार का संचालन करती हैं, वैसे ही वे पंचायतों का भी कुशल संचालन कर सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों को जानें और पूरी तैयारी के साथ प्रशिक्षण में भाग लें।
दीपिका सिंह पांडेय ने पंचायतों को मिलने वाले 15वें वित्त आयोग के फंड पर भी बात करते हुए कहा कि इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में महिला प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने साफ कहा कि पंचायत भवन में मुखिया पति का कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए, पंचायत का काम सिर्फ निर्वाचित मुखिया को ही करना है।
मंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं को केवल सम्मान नहीं देती, बल्कि उन्हें गांव के विकास की धुरी बनने की ओर प्रेरित करती है। आज महिलाएं केवल प्रतिनिधि नहीं, बल्कि बदलाव की अग्रदूत बन रही हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें उस भूमिका के लिए और अधिक दक्ष बनाएगा, उन्होंने कहा।
पंचायती राज निदेशक बी. राजेश्वरी ने जानकारी दी कि राज्य भर की लगभग 17,000 निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मॉडल स्तर से शुरू होकर प्रमंडलीय और फिर ब्लॉक स्तर तक चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि कई जगहों पर मुखिया पति ही सक्रिय रहते हैं, जबकि निर्वाचित महिलाएं नेतृत्व नहीं निभा पा रही हैं। यह प्रशिक्षण महिलाओं को नेतृत्व के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा।
उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अफीम की खेती को नष्ट करने में महिला मुखिया का विशेष योगदान रहा है, जो उनके प्रभावशाली नेतृत्व को दशार्ता है। कार्यक्रम का संचालन पंचायती राज समन्वयक सलोनी ने किया, जबकि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर शैलेश कुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। सीआरटी के प्राचार्य पद्मनाम ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रशिक्षण में भाग लेने आई महिला पंचायत प्रतिनिधियों जैसे सिंधु मुर्मू, सुमन सिरका, मधु लकड़ा आदि ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण समय-समय पर आवश्यक हैं ताकि वे विकास योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुँचा सकें।



# एक करोड़ मूल्य के अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

### रांची के तुपुदाना इलाके से लाया गया था अफीम,चंडीगढ़ भेजने की थी योजना

संवाददाता

**चतरा :** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के हदहदवा जंगल से पुलिस ने गुरुवार की देर शाम मिली गुप्त सूचना के आधार पर 23 किलो 340 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम संतोष कुमार (19 वर्ष) है,जो थाना क्षेत्र के पांडेय टोला मुहल्ले का रहने वाला है।चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के राजा टांड़ से कुलेश्वरी मंदिर,मेला टांड़ जाने वाले रास्ते में कुछ लोग अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी (सिमरिया) शुभम् खंडेलवाल के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। तस्कर को गिरफ्तार करने में गठित टीम को सफलता प्राप्त हुई है।इस संबंध में थाना कांड संख्या 48/ 2025 दिनांक 3/07/ 2025,धारा 18(बी)/22(सी)/ 27(ए) / 28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। एसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर ने पूछताछ में बताया है कि बरामद अफीम रांची के तुपुदाना इलाके से गिद्धौर लाया गया था और इस अफीम की खेप को चंडीगढ़ भेजा जानेवाला था। एसपी ने बताया कि जिस सप्लायर के माध्यम से अफीम लाया गया था। उसकी तलाश में छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद अफीम का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रु है।



# मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसे लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई:एसडीओ

**चतरा:** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र त्यौहार मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने को लेकर अनुमंडल अधिकारी जहूर आलम के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च सदर थाना क्षेत्र के केशरी चौक,लाइन महल्ला ,महुआ चौक, बिंड महल्ला, सहादत चौक ,पोस्ट आफिस, चूडीहार मोहल्ला धंगरटोली,में निकाला गया।फ्लैग मार्च में सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो,अंचल अधिकारी अनिल कुमार और बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चतरा पुलिस सभी संप्रदाय के लोग से मुहर्रम त्यौहार को सौहार्द्रपुर्ण मनाने की अपील करती है। वहीं अनुमंडल अधिकारी जहूर आलम ने कहा कि फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को यह दिखाना है कि प्रशासन आपके साथ है। आप मिल जुलकर आपसी भाईचारा के माध्यम से त्योहार मनाएं। कहा कि चतरा के लोग काफी शांतिप्रिय हैं। दोनों धर्मों के लोगों ने एक दूसरे के साथ हमेशा भाई चारा निभाने की कोशिश की है। दशहरा,दीपावली लोगों ने मिल जुलकर निभाया है। उसी प्रकार मुहर्रम भी मनाएं। अनुमंडल अधिकारी ने कहा कि हिंदू भाई जहां एक ओर इमामबाड़े की रक्षा करते हैं वहीं मुस्लिम भाई मंदिर की रक्षा करते हैं।। कहा कि अगर किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो प्रशासन को कभी भी फोन करें। प्रशासन आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक बिगाड़ने वाले पोस्ट नहीं करने की चेतावनी दी। कहा कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए आईटी सेल का गठन किया गया है। अगर सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट वाट्सएप ग्रुप पर डाली गई तो उसके एडमिन के साथ साथ पोस्ट डालने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## आठवीं कक्षा के छात्र ने लगायी फांसी, छोड़ा सुसाइड नोट

**चतरा:** शहर के सुरही मोहल्ला में मामूली बात को लेकर दो मौसेरे भाईयों के बीच झगड़ा हो गया। इस बात से नाराज होकर आठवीं कक्षा के छात्र श्रवण पांडेय(16 वर्ष) ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। सुसाइड नोट में लिखा है कि बाबा घाट मैदान में कमलेश ने उसकी पिटाई कर दी। उसके अभिभावक भी उसपर विश्वास नहीं करते और कहते हैं कि तुम्हारा ही गलती होगा। हमको इस बात पर इंसाफ चाहिए। इसलिए सुसाइड कर रहा हूं। क्योंकि अब हमसे यह दुख बर्दाश्त नहीं होता। पुलिस ने मृतक का सुसाइड नोट जप्त कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि मृतक श्रवण पांडेय गिद्धौर प्रखंड के पांडेय टोला निवासी स्व दीपेंद्र पांडेय का पुत्र था। उसके पिता की मृत्यु चार वर्ष पूर्व हो गई थी। उसकी मां उर्मिला देवी अपने दो पुत्रों के साथ सुरही मोहल्ला में किराए के मकान में रह रहे थे। मृतक युवक विवेकानंद स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। मृतक की मां उर्मिला देवी ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र के पेलतौल गांव निवासी उसकी बहन व उसका बेटा कमलेश पांडेय नगवां मोहल्ला में किराए के मकान में रहता है। उसकी बहन बेटा कमलेश पांडेय उसके बेटे श्रवण पांडेय को वेवजह तंग व मारपीट करता रहता था। गुरुवार को भी कमलेश पांडेय ने उसके बेटे के साथ मारपीट किया था। शाम में श्रवण ने घर लाकर यह बताया था कि कमलेश ने उसके साथ मारपीट किया है। उसे समझा बुझा कर शांत करा दिया था।

# बीएड संभाग में प्रशिक्षु शिक्षकों को दी गई विदाई

संवाददाता

**चतरा:** चतरा कॉलेज चतरा के शिक्षास्त्र विभाग(बी एड) में सत्र 202325 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 20252026 के छात्रों की ओर से आयोजित इस पार्टी में सबने मिलकर धमाल मचाया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. टीएन सिंह,प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा,मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनीष दयाल, विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह, शिक्षाशास्त्र के शिक्षकगण प्रेम बसंत बाखला, मिस ग्लोरिय ग्रेस होरो, डॉ कंचन सोय मुर्मू, डॉ मुमताज अंसारी, शोभा कुजूर तथा अमित कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से ईशा कुमारी तथा आयुषी कुमारी ने की।सत्र 202426 छात्रों के द्वारा स्वागत गीत से किया गया। मंच का संचालन मिस शोभा और बिट्टू कुमार ने किया। अरिजीत कुमार ने हिप-हॉप डांस की शानदार प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इसके बाद श्रुति एंड ग्रुप ने धमाकेदार प्रस्तुति की, नेहा एंड ग्रुप ने खूबसूरत लोक नृत्य को पेश किया। 202325 के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हें को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति शाम के चार बजे तक जारी रही। कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, नृत्य, गीत, एकांकी और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। बच्चों ने हर कार्यक्रम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया तथा दर्शकों की वाहवाही बटोरी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए एक अच्छा शिक्षक बन अच्छे समाज की निर्माण की बात कही।इस मौके पर नंदकिशोर सर ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो- उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो। उस विचार से अपने मस्तिष्क, पेशियों, कोशिकाओं, शरीर के हरेक भाग को उससे भरने दो और दूसरे अन्य विचारों को अकेला छोड़ दो। यही सफलता का रास्ता है। मुख्य अतिथि टी. एन सर ने बच्चों को सफल होने और नैतिक मूल्यों के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की शुभकामनाएं दी। सभी शिक्षकों ने अपना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और मिस ग्लोरिया ने अपने गानों से महफिल में चार चांद लगा दिया।



## सुमन कार्यक्रम का दिया गया प्रशिक्षण

**चतरा :** शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सुमन कार्यक्रम सुरक्षित मातृत्व आश्वासन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुमन कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक एवं एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे । मौके पर प्रशिक्षक सुमन कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के लिए सरकार की सुरक्षित मातृत्व निशुल्क सेवा है। इस दौरान सुमन कार्यक्रम के बारे मे जी एनएम, एएनएम को जानकारी दी गयी । प्रशिक्षण मे सभी स्वास्थ्य संबंधित तैयारियां सुनिश्चित करने और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का प्रसव और रेफर करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### जिप उपाध्यक्ष ने प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा, कहा

# जल मीनार को अधूरा छोड़कर भाग नहीं पाएंगे संवेदक, होंगे ब्लैक लिस्ट

संवाददाता

**लातेहार:** प्रखंड बालूमाथ अंतर्गत झाबर पंचायत से आ रही जनशिकायत के आलोक में आज जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। जिसमें पाया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य कर रहे संवेदक द्वारा आधा अधूरा कार्य करके छोड़ दिया गया है और लोग पेयजल के लिए परेशान हैं ।
कई जगह से यह शिकायतें मिली कि संवेदक स्थानीय दुकानदार से सामान लेकर उनका पैसा लेकर भाग गया है । ऐसी स्थिति में उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया कि वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और संवेदक को ब्लैकलिस्ट करने हेतु अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संवेदक कान खोलकर सुन ले आप आधा अधूरा जल मीनार को छोड़कर नहीं भाग सकते हैं । अब जनता जाग चुकी है । इसके लिए उन्होंने विभाग को भी दोषी ठहराया है।
भ्रमण के क्रम में कई शिकायतें प्राप्त हुई है, उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को सूचित किया है और एक सप्ताह के अंदर सभी जलमीनारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि गड़बड़ियां इतनी है जिसे गिनाना संभव नहीं है ।



# मुहर्रम कल, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

मेट्रो रेज



**रांची :** राजधानी रांची में मुहर्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में निकाला गया, जिसमें सीसीआर एसपी , कोतवाली डीएसपी, सिटी डीएसपी सहित कई थानों के प्रभारी भी शामिल हुए।

पुलिस प्रशासन ने यह कदम शहर में अमन-चैन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील इलाकों और जुलूस मार्गों पर गश्त की। प्रशासन ने मोहर्रम के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

### रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 1000 जवान होंगे तैनात, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**रांची:** राज्य में छह जुलाई को मुहर्रम मनाया जायेगा। इसे लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जिला प्रशासन ने मुहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था में 1000 जवानों की तैनाती की है। रैपिड एक्शन फोर्स, रैपिड एक्शन पुलिस, इको टीम, टियर गैस पार्टी, रंगीन पानी का टैंकर, ब्रज वाहन और फायर ब्रिगेड को तैनात किया गया है। निगरानी के लिए ड्रोन और वीडियो कैमरे का भी इस्तेमाल होगा। उपद्रवियों पर कार्रवाई की जायेगी और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। इधर, मुहर्रम को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में भी आंशिक बदलाव किये गये हैं।

# श्री शिव शक्ति मंदिर का 9वां चार दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

मेट्रो रेज



**रांची:** शिव शक्ति नगर,न्यू मधुकम रोड नंबर 05 एच स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर का 9वां चार दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय शिव शक्ति मंदिर समिति की ओर से आयोजित बैठक मे लिया गया। समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि मंदिर के मुख्य पुजारी बाबा आचार्य केदारनाथ मिश्रा विधिवत पूजा अर्चना कराएंगे। चार दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह केप्रथम दिन (09 जुलाई) को भव्य कलश शोभा यात्रा,दूसरे दिन (10 जुलाई)सामुहिक रुद्राभिषेक, तीसरे दिन (11 जुलाई)सामूहिक हवन एवं महाभंडारा एवं चौथे दिन (12 जुलाई) भव्य झांकी एवं जागरण को आयोजन होगा। समिति के सदस्यों द्वारा इसकी तैयारी वृहत रूप से की जा रही थी। आज की बैठक मे मुख्यरूप से छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा सहित समिति के संरक्षक:राम बाबू दास, मणिकांत झा,अखिलेश्वर प्रसाद सिंह,विंध्याचल पांडे,धनेश्वर साव, ठाकुर जी, अध्यक्षः अरविंद कुमार मिश्रा, उपाध्यक्षः अनुज कुमार सोनी, राजीव वर्मा,मुकेश साहू, सचिवः मुन्ना कुमार चौधरी, सह सचिवः संजीव कुमार सिंह, विनोद वर्मा, कोषाध्यक्षः हरिनारायण चौधरी, जनार्दन सोनी, सह कोषाध्यक्ष एवं भंडारा प्रमुखःअशोक सोनी, मीडिया सह जनसंपर्क प्रभारीः शिव किशोर शर्मा प्रचार मंत्रीःअशोक सोनी, राजेश सोनी,श्रवण साव,मोहित झा प्रवक्ताः प्रवीण कुमार मिश्रा, मनोज मिश्रा,अशोक मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्यःअजीत सिंह,सूरज सिन्हा,संजीत साव,संतोष गुप्ता,मुनु कुमार साव,राजु वर्मा सहित मुहल्ले के अन्य लोग शामिल थे।

# चुटिया थाना क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान पर सीआईडी का छापा

## पुष्पांजलि पैलेस भवन में बिना किसी बोर्ड व नाम के कथित कोचिंग संस्थान हो रहा था संचालित



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में एक शिक्षण संस्थान पर छापेमारी की। यह कार्रवाई केतारी बागान घाट रोड स्थित पुष्पांजलि पैलेस भवन में की गई, जहां बिना किसी बोर्ड या नाम के एक कथित कोचिंग संस्थान संचालित हो रहा था।

**10 गाड़ियों में पहुंची टीम**

सुबह करीब 10 बजे जैसे ही सीआईडी की टीम लगभग दस गाड़ियों के काफिले के साथ वहां पहुंची, मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद कई युवाओं में डर और कंफ्यूजन देखा गया। बताया जा रहा है कि यह संस्थान युवाओं को नौकरी का झांसा देकर उनसे पैसे वसूल रहा था।

**पूछताछ में जुटी टीम, कोई आधिकारिक बयान नहीं**

छापेमारी के दौरान वहां मौजूद कुछ युवाओं से उक्त अधिकारियों ने पूछताछ की। हालांकि अभी तक सीआईडी की तरफ से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जांच के बाद ही ठोस जानकारी सामने आ पाएगी।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह संस्थान पिछले कई महीनों से चल रहा था और इसकी गतिविधियां हमेशा संदेहास्पद लगती थीं। ना कोई बोर्ड, ना कोई जानकारी , फिर भी रोजाना दर्जनों युवा यहां आते-जाते दिखाई देते थे।

**मामले की जांच जारी**

पुलिस और सीआईडी की संयुक्त टीम फिलहाल इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही ठगी के इस रैकेट का पूरा खुलासा हो सकता है। इस घटना के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है।

# मौसम विभाग ने जारी किया अपडेट राज्य में 72 घंटे भारी बारिश का अलर्ट

## रांची में 177% अधिक बारिश हो चुकी, 7 जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड में 72 घंटे भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। आज शनिवार को सात जिलों में भारी बारिश हो सकती है। सात जुलाई तक राज्य में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने छह जुलाई को राँची में भारी बारिश की आशंका जतायी है। इसके अलावा अन्य तीन जिलों लोहरदगा, सरायकेला-खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम में भारी बारिश हो सकती है। इसी दिन गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में बहुत भारी बारिश हो सकती है। वहां के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 10 जुलाई तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश होगी।शनिवार को राज्य के कई जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो में भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन राँची में आकाश में बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने सात जुलाई को सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसांवा जिले में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके साथ ही इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अब तक 75 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।



# कमीशनखोरी के आरोपों की जांच का आदेश

**रांची:** ग्रामीण विकास विभाग ने कमीशनखोरी के आरोप में मुसाबनी और घाटशीला के प्रखंड विकास पदाधिकारी पर लगे कमीशनखोरी के आरोपों की जांच का आदेश दिया है।

विभाग ने इससे संबंधित आदेश पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने ग्रामीण विकास विभाग को शिकायती पत्र भेज कर मामले की जांच कराने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय से मिले निर्देश के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग के उपायुक्त को इससे संबंधित पत्र भेज कर मामले में जांच करने और जांच में मिली तथ्यों की जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

# बिरसा कॉलेज खूंटी में आजसू की बैठक संपन्न



मेट्रो रेज

**खूंटीः** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक आज बिरसा कॉलेज खूंटी में हुई ।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, एवं राजेश सिंह, रोशन नायक, अमन साहू उपस्थित हुए। बैठक में संगठन के मजबूती, एवं विस्तार ,कॉलेज कमिटी,महानगर कमिटी जिला कमिटी को पुनः गठन एवं आगामी कार्यक्रम इत्यादि विषय को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक बिरसा कॉलेजों में कमिटी बनाने तथा महानगर कमिटी बनाने हेतु 5 सदस्य संयोजक मंडली का गठन किया गया जो इस प्रकार है ।

**बिरसा कॉलेज खूंटी :** विशेष चौहान ,अनिल लिंडा,डेविड दौड़ाई ,रोहित सहदेव

**खूंटी महानगर कमिटी :** अनमोल कुमार,विवेक गुप्ता,आकाश गुप्ता,माखन कुमार,अतुल सिंह।

इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो,कुश साहू, अनुज कुमार,राजेश सिंह,रोशन नायक,अमन साहू,जगरनाथ भेंगरा,सचिन टोप्पो,अनुराग नाग, आकाश कुमार,योगेश कुमार,सौरभ ,हर्षवर्धन ,सचिन टोप्पो व अन्य उपस्थित थे ।

# नव विवाहिता की संदेहास्पद मौत

**रांचीः** सदर थाना क्षेत्र के न्यू दीपाटोली में नव विवाहिता के संदेहास्पद मौत की खबर सामने आ रही है। महिला का शव फांसी से लटका पाया गया है। पुलिस जांच में जुट गयी है।



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), उत्तर– पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा (खुली निविदा – दोहरी पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते हैं। **1. निविदा सूचना संख्याः** EL-C-G-JU-VBD-25-26T01 **2. कार्य का नाम स्थान सहितः** "Electrical additional work in connection with extension of Vande Bharat Depot BGKT, Jodhpur". **3. कार्य की अनुमानित लागतः** रूपये 30,65,80,328.54/– **4. जमा की जाने वाली बयाना राशिः** रूपये 16,82,900.00/– **5. प्री–बीड कांफ्रेस दिनांक एवं समयः** आवश्यकता नहीं। **6. ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 04.08.2025 upto 15.00 hrs. **7. वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती हैं :** www.ireps.gov.in **8. कार्यालय ई–मेल का पताः** dyceecju@gmail.com

781-AJ/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**समादेष्टा का कार्यालय सैप–1 वाहिनी, कैम्प–झा०स०पु०–2, टाटीसिलवे, राँची**

**Email id-** commandantprsap1254@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना–04/2025–26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी, कैम्प झा०स०पु०–2 टाटीसिलवे, राँची के विभिन्न कम्पनी, पिकेट, पोस्टो एवं टी०ओ०पी० में उपयोग होने वाले लेखन और टोनर (Cartridge) सामानों को क्रय करने हेतु समाचार पत्र के द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक– 05/07/2025 से 11/07/2025 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 16/07/2025 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक– 17/07/2025 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप० में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम व शर्तेः–

1. निविदा दाता अपनी निविदा अपने लेटर पैड पर देंगे।
2. निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
3. निविदा की शर्तो को संशोधित करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. आपूर्तिकर्ता का निबंधन झारखण्ड राज्य अन्तर्गत होनी चाहिए।
5. निविदा दाता का **GST/PAN** एवं अन्य सभी प्रकार के कागजात अद्यतन होना चाहिए।
6. आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गये सभी सामग्रियों की अच्छी गुणवत्ता एवं बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
7. सामग्रियों के आवश्यकता के पश्चात् दिये गये सूचना के आधार पर अविलम्ब आपूर्ति करना सूनिश्चित करेंगे।
8. आपूर्ति कर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता के निविदा को बिना सूचना दिये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

समादेष्टा
झा0स0पु0–2 टाटीसिलवे,रॉंची
–सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1वाहिनी,कैम्प–टाटीसिलवे, राँची।

PR 356550 Police(25-26)D

# जज्बे और जूनून से ट्विंकल छावनिका ने हासिल किया मुकाम

मेट्रो रेज डेस्क



**शख्सियत**

**कहते** हैं दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन और परिश्रम से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। जीवन में कुछ बेहतर करने का जज्बा और जुनून हो, तो मुश्किल राहें भी आसान हो जाती है। इसे सच साबित कर दिखाया है राजधानी रांची के कांके रोड निवासी महिला उद्यमी ट्विंकल छावनिका ने। उन्होंने महिला उद्यमिता विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए महिलाओं के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनके प्रयासों की चहुंओर सराहना की जाती है।

ट्विंकल छावनिका की प्रारंभिक शिक्षा उनके पैतृक निवास स्थान बलरामपुर (पश्चिम बंगाल) में हुई। झारखंड के चांडिल (जमशेदपुर) की सीमा से सटे बलरामपुर में माता सरिता अग्रवाल और पिता राजकुमार अग्रवाल के सानिध्य में उनका बचपन बीता। उनके पिता झारखंड में लाह उद्योग से जुड़े एक प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं। वहीं, उनकी माता एक आध्यात्मिक महिला व कुशल गृहणी हैं। छावनिका ने पुरुलिया स्थित असेंबली ऑफ गॉड चर्च स्कूल से पढ़ाई की। पढ़ने-लिखने में वह स्कूल से लेकर कॉलेज तक अव्वल रहीं।

अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और उनकी प्रेरणा से पढ़ाई के दौरान भी वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाती रहीं। तत्पश्चात रांची के लालपुर स्थित बीआइटी से उन्होंने बीबीए व एमबीए किया। बीबीए में उन्हें गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। वर्ष 2011 में ट्विंकल वैवाहिक बंधन में बंधीं। व्यवसाय के क्षेत्र में उभरते उद्यमी निलेश छावनिका से उनका विवाह हुआ। विवाहोपरांत वह अपने पति द्वारा रांची में स्थापित डैजल फूड एंड बेवरेज नामक कंपनी के व्यवसाय में हाथ बंटाने लगीं। यहां अल्पाइन ब्रांड के मिनरल वाटर सहित अन्य वेबरेज उत्पादों का निर्माण व विपणन किया जाने लगा।

उनकी कंपनी द्वारा निर्मित गुणवत्तायुक्त बेवरेज उत्पादों की बाजार में काफी मांग होने लगी। डैजल फूड एंड बेवरेज का उत्पाद कम समय में ही लोगों के बीच लोकप्रिय होने लगा। डैजल फूड एंड बेवरेज के प्रोडक्ट्स की मांग झारखंड के अलावा बिहार, ओडिशा, बंगाल व उत्तर प्रदेश के बाजारों में भी है। गत दिनों उन्हें रेडियो ऑरेंज द्वारा राजधानी रांची की प्रेरणादायक महिला उद्यमी की उपाधि से नवाजा गया। संस्थान की ओर से उन्हें इंस्पायरिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया।

श्रीमती छावनिका वर्ष 2023 में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था जेसीआई रांची उड़ान से जुड़ी। सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, लगन, ईमानदारी और परिश्रम के कारण उन्हें वर्ष 2024 में संस्था ने प्रेसिडेंट पद की जिम्मेदारी सौंपी। जेसीआई रांची उड़ान की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। संस्था में उनका कार्यकाल मील का पत्थर के रूप में स्थापित हुआ। जेसीआई रांची उड़ान को उन्होंने नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफलता पाई। अपने कुशल नेतृत्व में जेसीआई रांची उड़ान की टीम के साथ उन्होंने जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर संस्था का नाम रोशन किया। श्रीमती छावनिका गरीबों, जरूरतमंदों और पीड़ितों की सेवा के प्रति सदैव तत्पर रहती हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी श्रीमती छावनिका महिला उद्यमियों, समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों के लिए एक मिसाल हैं।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़ेः
अटल बिहारी वाजपेय

## घरेलू निवेशकों का वर्चस्व

**वैश्विक** स्तर पर राजनीतिक अस्थिरता कई देशों में तनावपूर्ण हालात और आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने के कारण अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 33 फीसद से घट कर 1.69 अरब डॉलर रह गया है। रियल एस्टेट परामर्शदाता कंपनी कोलियर्स इंडिया यह आकलन लगाया है। कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि बीते साल अप्रैल- जून में रियल एस्टेट क्षेत्र में जो 253.33 करोड़.डॉलर का संस्थागत निवेश था वह घट कर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़.ड़ॉलर से लगभग आधा होकर 104.84 करोड़. डॉलर रह गया। बेशक भू-राजनीतिक हालात तमाम देशों को प्रभावित कर रहे हैं और तमाम अर्थव्यवस्थाएं इनसे असरंदोज हो रही हैं, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक हालिया वर्षों में बराबर इतने मजबूत बने रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक परिद्दश्य के घटनाक्रम के असर से ज्यादा प्रभावित नहीं होने पाती। ऐसा ही हमने कोविड़ 19 महामारी के समय भी देखा था। उस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था को खासा झटका लगा था, लेकिन भारत अपनी आर्थिक गतिविधियों को चलायमान बनाए रख सका तो मात्र इसलिए कि घरेलू मांग शिथिल नहीं पड़ी थी। अभी भी वैश्विक भू-राजनीतिक स्थितियां तमाम देशों पर असर ड़ाल रही हैं और इसी के चलते भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र पर भी असर पड़ा है। लेकिन इतने विपरीत हालात में भी भारत के घरेलू निवेश ने रियल एस्टेट को संभाले रखा है। घरेलू निवेशकों का उत्साह बराबर बना रहा और उन्होंने अप्रैल- जून के दौरान 64. 28 करोड़.डॉलर का निवेश किया जो पिछले वर्ष की संबद्ध अवधि के 48.65 करोड़.ड़ॉलर से 32 फीसद अधिक है। कह सकते हैं कि घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 के 16 फीसद से बढ़कर 2024 में 35 फीसद हो गई। घरेलू निवेशकों के प्रभुत्व के चलते अनिश्चतताओं का भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में ज्यादा असर नहीं पड़ने पाया। रियल एस्टेट क्षेत्र के कमजोर न पड़ने के कारण इससे संबद्ध अन्य क्षेत्रों में भी मजबूती बनी रही जो अर्थव्यवस्था के लिए राहतकारी है।

## सुपर शतकवीर शुभमन

**वाह** कप्तान शुभमन गिल ! क्या शानदार उपलब्धि हासिल की है कि 25 साल 297 दिन की उम्र का बल्लेबाज शुभमन गिल भी मंसूर अली खां पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली सरीखे टीम इंडिया के ऐतिहासिक बल्लेबाजों की श्रेणी में प्रवेश कर गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल ने 269 रन (30 चौके और 3 छक्के) की जो विराट पारी खेली है, उससे वह सर्वोच्च कप्तान बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ, इंग्लैंड की सरजमीं पर, गावस्कर ने 1979 में 221 रन और दीवार द्रविड़ ने 2002 में 217 रन की सुपर पारियां खेली थीं, लेकिन वे टीम के कप्तान नहीं थे। ऐसे ऐतिहासिक बल्लेबाजों के कीर्तिमानों को पीछे छोड़ कर 269 रन का अपना मील पत्थर स्थापित करना कितना सुखद और गुदगुदाने वाला लगता होगा! शुभमन ने टीम इंडिया के विराट बल्लेबाज विराट कोहली के अभी तक के विराट स्कोर 254 रन को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ वह मैच पुणे (भारत) में खेला गया था। बल्लेबाजों की कतार में 319 रन ठोंकने वाले वीरेंद्र सहवाग वाकई सर्वोच्च रहे, हालांकि वह टीम कप्तान कभी नहीं रहे। करुण नायर ने भी 300 रन का आंकड़ा पार किया है, हालांकि वह करियर के दूसरे चरण में अभी अग्नि-परीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं। वीवीएस लक्ष्मण ने भी स्टीव वॉ की ऑस्ट्रेलियाई अजेय टीम के खिलाफ 281 रन बनाए थे, लेकिन शुभमन गिल की अप्रतिम उपलब्धि यह है कि वह टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान हैं और अपेक्षाकृत युवा और नए अनुभव वाले खिलाड़ी हैं। पूरी टीम ही युवा और नई है। यह भारतीय क्रिकेट का संक्रमणकाल है। दिग्गज और शतकवीर बल्लेबाज सेवामुक्त हो चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर कप्तान के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के बॉबी सिम्पसन की 311 रन (1964) और दक्षिण अफ्रीका के युवा ग्रीम स्मिथ की 277 रन (बर्मिंघम, 2003) की पारियों के बाद शुभमन तीसरे स्थान पर हैं। वे दिग्गज बल्लेबाज भी अतीत हो चुके हैं। सिर्फ गिल ही मौजूदा दौर में खेल रहे हैं, लिहाजा 269 रन का कीर्तिमान भी अतुलनीय है। गिल अपनी कप्तानी में दूसरा टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं। उन्हें कई और मील-पत्थर पार करने हैं। कप्तान शुभमन एशिया के भी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के तत्कालीन कप्तान दिलशान की 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ खेली 193 रनों की पारी को भी पीछे कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि शुभमन का प्रथम दोहरा शतक लगभग त्रुटिहीन और सटीक था। उन्होंने मात्र 3.5 फीसदी शॉट्स ही गलत खेले। बहरहाल इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 587 रनों का पहाड़ बुन दिया है। यह कथन इसलिए सही है, क्योंकि इंग्लैंड के 3 शतकवीर बल्लेबाज मात्र 25 रनों पर ही ढह गए हैं। यह बड़ी विराट चुनौती है। यह इंग्लैंड की सरजमीं पर 18 लंबे सालों के बाद संभव हुआ है, जब टीम इंडिया ने 500 रनों का आंकड़ा पार किया है। यह संभव इसलिए हो सका, क्योंकि गिल ने ऐतिहासिक 269 रन की पारी खेली, भारत ने 371 रन पांच विकेट गिरने के बाद बनाए। यह इतिहास का टीम इंडिया का सर्वोच्च स्कोर है। गिल एक ही सीरिज में 400 रन बनाने के बहुत करीब पहुंच गए हैं। यह पांच मैचों की श्रृंखला है। यदि गिल ऐसे ही खेलते रहे, तो न जाने कितने और इतिहास रचे जाएंगे। बहरहाल यह भारत के भविष्य की क्रिकेट टीम है। इन्हीं खिलाड़ियों में से सचिन, द्रविड़, सौरव, विराट, रोहित आदि विराट खिलाड़ी बनने हैं। कई अग्नि-परीक्षाएं देनी हैं। इंग्लैंड ही अंतिम परीक्षा नहीं है। खेल के किसी भी विभाग में जो खामियां हैं, डर है, आशंकाएं हैं, उन पर विजय प्राप्त करनी है। देश तब भी आशंकित और सवालिया मुद्रा में था, जब शुभमन को टीम इंडिया का टेस्ट कप्तान घोषित किया गया। यह खेल टी-20 से बिल्कुल भिन्न है, लेकिन शुभमन ने अपने नेतृत्व की बानगी भी दी है। वह साथियों से लगातार संवाद करते हैं और साथियों के सुझाव भी सुनते हैं। फिर खेल की रणनीति तय करते हैं। वह नाकामी को भी पूरे समर्पण के साथ ग्रहण करते हैं। बहरहाल टीम इंडिया का नया भविष्य हमें तो उज्ज्वल और सकारात्मक लगता है। टीम इंडिया को इसी लय के साथ आगे भी खेलना होगा।

# आर्थिकी-रोजगार बढ़ा रहा सहकारिता क्षेत्र

> सहकारी संस्थाओं से ऋण लेकर करोड़ों लोग अपना काम कर रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। इनकी व्यापक उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं और उनके 29 करोड़ सदस्य हैं। 2019 के पहले देश में सहकारी संस्थाएं पूरी तरह से राज्यों के हाथ में थीं और तमाम तरह की समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्हें कई तरह के नियम-कानूनों का सामना करना पड़ता था। उनकी देखरेख का काम कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के पास बंटे हुए थे। इससे हमेशा विलंब होता था और कई तरह के विवाद भी उठ खड़े होते थे।

**मधुरेंद्र सिन्हा**

वर्ष 2024 में भारत के सहकारी क्षेत्र ने दुनिया में धूम मचा दी और उसके दो सहकारी संगठनों को पहले और दूसरे पायदान पर रखा गया। ये हैं इफको और जीसीएमएमएफ जिसका अमूल ब्रांड सारे देश में जाना जाता है। इन दोनों ने अपने कामकाज और टर्नओवर से सारी दुनिया में अपना डंका बजवाया। इफको, जिसका पूरा नाम इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड है, विश्व की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारिता संस्था है। यह किसानों को सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए 1967 में स्थापित की गई थी। इफको मुख्य रूप से उर्वरकों के उत्पादन और विपणन में संलग्न है और इसकी 5 प्रमुख इकाइयां भारत में स्थित हैं। भारत के सहकारी परिद्दश्य में इनका स्थान रोजगार, उत्पादन और कारोबार के लिहाज से अद्वितीय है। सिर्फ ये ही नहीं, भारत में हजारों सहकारी संस्थाएं हैं जो जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं तथा आमजन के सशक्तिकरण में हाथ बंटा रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हमारी सहकारी संस्थाएं महिलाओं और सीमांत किसानों के आर्थिक विकास में बड़ा काम कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में लाखों किसान इन सहकारी संस्थाओं से जुडकर साहूकारों के कर्ज के जाल से निकलने में सफल हुए। इनसे महिलाओं को इतनी कमाई हुई कि आज देश में 1.15 करोड़ लखपति दीदियां हैं। जाहिर है कि हमारी सहकारी संस्थाएं आर्थिक समृद्धि के सेतु बन गई हैं। सहकारी संस्थाओं से ऋण लेकर करोड़ों लोग अपना काम कर रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। इनकी व्यापक उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं और उनके 29 करोड़ सदस्य हैं। 2019 के पहले देश में सहकारी संस्थाएं पूरी तरह से राज्यों के हाथ में थीं और तमाम तरह की समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्हें कई तरह के नियम-कानूनों का सामना करना पड़ता था। उनकी देखरेख का काम कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के पास बंटे हुए थे। इससे हमेशा विलंब होता था और कई तरह के विवाद भी उठ खड़े होते थे। प्रशासन में कई तरह की अड़चनें सामने आती थीं। हर राज्य अपने तरीके से इन्हें चलाने की कोशिश करता था। इन बाधाओं को दूर करने के लिए ही मोदी सरकार ने 2021 में सहकारिता मंत्रालय को सृजित किया। यह गृह मंत्री अमित शाह के पास पूरी तरह से कर दिया गया। सहकारिता मंत्रालय सृजित करने के पीछे पीएम मोदी के मिशन सहकार से समृद्धि की मूल भावना थी। इसके तहत छोटी-छोटी सहकारी संस्थाओं को मजबूत करना, सहकारिता पर आधारित एक अर्थव्यवस्था खड़ी करना, आर्थिक सुधारों को लागू करना और ट्रेनिंग वगैरह की व्यवस्था करना शामिल है। राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संगठनों को और भी मजबूत करना सहकारिता मंत्रालय के ही कार्य हैं। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन संस्थाओं को पूरी तरह से मॉडर्न बनाने तथा डिजिटाइज करने की दिशा में महती कदम उठाया और इसके परिणाम भी देखने में आने लगे हैं। देश भर में प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसायटियों के कंप्यूटराइजेशन पर 2516 करोड़ रुपए खर्च किए गए जिससे 43658 कंप्यूटरों तथा उपयुक्त सॉफ्टवेयर पूरी तरह से लैस हैं। सहकारिता मंत्रालय ने 8 लाख ऐसी कोऑपरेटिव सोसायटियों के 30 करोड़ सदस्यों का डेटा तैयार कर रखा है जिससे उनसे सीधे जुड़ना संभव है। 43000 प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटियों को कॉमन सर्विस सेंटर में बदला जा चुका है जिनसे ग्रामीणों तथा आदिवासियों को सरकार की 300 स्कीमों की हाथों-हाथ जानकारी मिल सके और उनका फायदा हो। इन सभी की सफलता देखते हुए सरकार ने दो लाख नए प्राइमरी एग्रीकल्चर सर्विस सेंटर बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है ताकि हर पंचायत में इनकी पहुंच हो। ऋण वितरण को भी बड़े पैमाने पर बढ़ाया गया है और यह 128000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि 2021 में यह राशि महज 25000 करोड़ रुपए थी। अब किसानों के लिए ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध हो जाने से और उस तक किसानों की पहुंच हो जाने से सूदखोर साहूकारों से छुटकारा मिलने लग गया। अब किसानों को ऋण के लिए यहां-वहां दौड़ना नहीं पड़ता है और उन्हें अपनी पंचायत में ही जरूरी कागजात जमा करने होते हैं और उसके बाद उन्हें ऋण मिल जाता है। इसमें पूरी पारदर्शिता होती है क्योंकि भुगतान डिजिटल मोड में होता है। इस तरह के ऋण में किसी तरह की छुपी हुई रकम नहीं होती है। बड़ी तादाद में किसान इसका फायदा उठा रहे हैं। आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने में सहकारिता का बड़ा हाथ है। इन्हें बिना भागदौड़ और बिचौलियों के अब ऋण मिल जाता है जिसका वे छोटे-छोटे उपक्रमों में इस्तेमाल करती हैं और साल भर में लाख सवा लाख रुपए आसानी से कमा लेती हैं। देश भर में जो कृषि ऋण बंटता है, उसका 20 फीसदी सहकारी संस्थाओं के जरिये जाता है। 35 फीसदी फर्टिलाइजर का वितरण इन्हीं सोसायटियों के माध्यम से होता है। भारत के कुल जीडीपी का 4.5 फीसदी सिर्फ दुग्ध क्षेत्र से आता है। इसका ही नतीजा है कि सहकारी संस्थाओं में रोजगार बढ़ता जा रहा है। इस पर जोर दिया जा रहा है ताकि रोजगार के अवसर और बढ़ाए जा सकें। सहकारिता मंत्रालय ने सहकार से समृद्धि के नारे को वास्तविक बनाने के लिए ये कदम उठाए हैं। उसने सभी कोऑपरेटिव में सहयोग के लिए प्रयास किया है। लेकिन सहकारिता मंत्री ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए एक ऐसी सहकारी संस्था बनाने का ऐलान किया है जो प्राइवेट एग्रीगेटर ऐप्प बेस्ड कैब सेवा ओला और उबर की तर्ज पर होगी, जिससे कैब ड्राइवरों की इनकम में भारी इजाफा होगा। इसका नाम सहकार टैक्सी होगा और इसके ड्राइवरों को किसी को कट या कमीशन नहीं देना होगा। यह सहकार से समृद्धि का एक बड़ा उदाहरण होगा। इसमें टू व्हीलर, फोर व्हीलर, थ्री व्हीलर वगैरह सभी आएंगे और इससे लाखों ड्राइवरों की आय बढ़ेगी। इसके अलावा इस क्षेत्र में बीमा कंपनियां स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर भी काम चल रहा है। सहकारिता मंत्रालय जल्दी ही एक सहकारी बीमा कंपनी बनाने जा रहा है, जो देश के सभी कोऑपरेटिव को बीमा मुहैया कराएगी। मंत्रालय इसे भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी के रूप में स्थापित करना चाहता है। सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि एक विकसित अर्थव्यवस्था के लिए एक सुद्दढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है और यह सरकार उसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जाहिर है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को इंटरनेशनल इयर ऑफ कोऑपरेटिव घोषित किया है। सारी दुनिया में इस साल यह 5 जुलाई को मनाया जा रहा है। भारत में सहकारिता के बढ़ते कदम से अर्थव्यवस्था में तेजी आई है और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

# दलाईलामा के पुनर्जन्म का मामला और चीन

> जहां तक भारत का सवाल है, चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर भी अपना दावा कर दिया। 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर दिया। भारत के कुछ भू-भाग पर कब्जा भी कर लिया और सदा के लिए भारत के शांत सीमांत को अशांत कर दिया। भारत ने दलाईलामा को जब शरण दी तब उनकी आयु पच्चीस साल के लगभग थी। उन्होंने धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में केन्द्रीय तिब्बती प्रशासन का सचिवालय स्थापित किया। निर्वासित तिब्बती सरकार में चुनाव का प्रावधान किया। तिब्बती संविधान बनाया गया। तिब्बती संसद का भवन बना। विभिन्न मंत्रालय स्थापित हुए।

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

**तिब्बत** के चौदहवें दलाईलामा तेनजिंग ग्याछो ने अपनी आयु के नब्बे साल पूरे कर लिए हैं। वे तिब्बत के आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं और राजधर्म के हिसाब से तिब्बत के वास्तविक शासक भी हैं। लेकिन चीन के गृहयुद्ध में जीत जाने के बाद कम्युनिस्ट पार्टी ने तिब्बत को स्वतंत्र देश मानने की बजाय उसे चीन का ही हिस्सा कहना शुरू कर दिया था। स्वाभाविक ही तिब्बत ने इसका विरोध किया। लेकिन चीन ने तिब्बत को दो विकल्प दिए थे। पहला आत्मसमर्पण का था। आत्मसमर्पण यानी तिब्बत सरकार खुद ही घोषणा कर दे कि तिब्बत चीन का हिस्सा है, जिसे यूरोप की साम्राज्यवादी ताकतों ने मातृभूमि चीन से दूर कर रखा था। दूसरा विकल्प युद्ध का ही था। लेकिन तिब्बत इतने बड़े चीन से लड़ भी नहीं सकता था। आत्म समर्पण का प्रश्न ही नहीं था और चीन से लड़ने की क्षमता नहीं थी, ऐसी हालत में उसने अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारत की ओर देखा। लेकिन दुर्भाग्य से भारत ने तिब्बत की ओर नहीं देखा। भारत द्वारा उस समय तिब्बत की ओर न देखने का भारत और तिब्बत दोनों को ही बहुत नुकसान उठाना पड़ा। तिब्बत की आजादी गई। चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया और 1959 में दलाईलामा को भाग कर भारत आना पड़ा। उनके साथ लगभग एक लाख तिब्बती शरणार्थी भी भारत पहुंचे। यह तो तिब्बत का नुकसान था। जहां तक भारत का सवाल है, चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर भी अपना दावा कर दिया। 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर दिया। भारत के कुछ भू-भाग पर कब्जा भी कर लिया और सदा के लिए भारत के शांत सीमांत को अशांत कर दिया। भारत ने दलाईलामा को जब शरण दी तब उनकी आयु पच्चीस साल के लगभग थी। उन्होंने धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में केन्द्रीय तिब्बती प्रशासन का सचिवालय स्थापित किया। निर्वासित तिब्बती सरकार में चुनाव का प्रावधान किया। तिब्बती संविधान बनाया गया। तिब्बती संसद का भवन बना। विभिन्न मंत्रालय स्थापित हुए। भारत सरकार ने शरणार्थी तिब्बती नागरिकों को दस्तावेज मुहैया करवाए जिन पर वे तिब्बत के नागरिक के रूप में वीजा लेकर दूसरे देशों की यात्रा कर सकते थे। दूसरे देशों में दूतावास स्थापित किए। नरेन्द्र मोदी ने जब 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी तो पड़ोसी देशों के प्रधानमंत्री भी निमंत्रित किए गए थे। उनमें निर्वासित तिब्बत सरकार के प्रधानमंत्री भी थे। लेकिन यह सारी व्यवस्था की अनुमति भारत सरकार ने दलाईलामा के प्रशासन को मुहैया करवाई है। आधिकारिक रूप से भारत सरकार तिब्बत की निर्वासित सरकार को मान्यता नहीं देती। यह दलाई लामा का प्रशासन है और दलाई लामा भारत के सम्मानित अतिथि हैं, इसलिए सरकार ने उन्हें अपना प्रशासन स्थापित करने और चलाने की अनुमति दी है। लेकिन अब दो समस्याएं सामने दिखाई देने लगी हैं। चौदहवें दलाई लामा के बाद क्या? जाहिर है यह चिंता वर्तमान दलाईलामा की आयु के कारण ही दिखाई देने लगी है। क्या दलाई लामा के निधन के बाद यह संस्था समाप्त हो जाएगी? यह बहस पिछले कुछ सालों से चल रही है। दलाई लामा कई बार कह चुके हैं कि इस संस्था के भविष्य का निर्णय तिब्बत के लोग ही करेंगे। अपने 90वें जन्म दिन के अवसर पर दलाई लामा ने इस बहस का अंत कर दिया है। उन्होंने कहा मैं पिछले चौदह साल से इस बहस में चुप ही रहा। लेकिन इतने साल मुझे हजारों तिब्बतियों, लामाओं ने इस संस्था को जारी रखने का निर्णय किया है। संस्था को जारी रखने का अर्थ है कि दलाई लामा अपने निधन के बाद पुनः जन्म लेंगे।

दलाई लामा महात्मा बुद्ध के करुणा स्वरूप के अवतार माने जाते हैं। उन्हें विष्णु का अवतार भी माना जाता है। दलाई लामा बोधिसत्व हैं। बोधिसत्व से अभिप्राय है कि वर्तमान दलाईलामा का निर्वाण होगा, यानी जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाएंगे। लेकिन बोधिसत्व पुनः जन्म लेता है क्योंकि उसे इस मृत्युलोक में रह गए शेष लोगों को भी मुक्ति का मार्ग दिखाना है। जाहिर है जब तक तिब्बत ही गुलाम है तब तक दलाई लामा अपने निर्वाण से ही कैसे संतुष्ट हो सकते हैं? इसलिए दलाईलामा ने स्पष्ट कर दिया है कि यह संस्था जारी रहेगी जिसका अर्थ है कि वर्तमान दलाईलामा पुनर्जन्म लेंगे। जाहिर है चीन के लिए यह सूचना सुखद नहीं है। दूसरी समस्या थोड़ी और गुंझलदार है। पुनर्जन्म में दलाईलामा पहचाने कैसे जाएंगे? सामान्य उत्तर तो यही है कि जिस विधि से आज तक के चौदह दलाईलामाओं के पुनर्जन्म की पहचान होती रही है, उसी पद्धति से ही पंद्रहवें दलाईलामा की पहचान होगी। यह ठीक है कि दलाई लामा के नए अवतार को पहचानने की एक पूरी विधि तिब्बत में शताब्दियों से प्रचलित है। अपने अगले जन्म के कुछ संकेत तो पूर्ववर्ती दलाईलामा स्वयं दे जाते हैं। शेष पद्धति निश्चित है। लेकिन इस बार संकट के कारण कुछ दूसरे हैं। चीन ने 2007 में स्पष्ट कर दिया था कि नए दलाई लामा की पहचान करने का अंतिम अधिकार चीन सरकार के पास ही है। नए दलाई लामा के अवतार ग्रहण करने पर अव्वल तो उसकी पहचान ही चीन सरकार करेगी, लेकिन यदि तिब्बत के लामा अपनी प्राचीन प्रचलित पद्धति से पहचान कर भी लेते हैं तो उसको मान्यता देने का अधिकार तो चीन के पास ही है। चीन इसे स्वर्ण घट पद्धति कहता है। सोने के घड़े में नाम डाल कर जिसकी पर्ची निकल आए, उसके पक्ष में निर्णय करना। वैसे आश्चर्य इस बात का भी है कि आत्मा, परमात्मा, पुनर्जन्म इत्यादि अवधारणाओं को सिरे से नकारने वाला चीन अध्यात्म के इस धार्मिक मामले का भी नियंत्रण करना चाहता है। ऐसा हादसा इससे पहले पंचेन लामा के बारे में हो चुका है। दसवें पंचेन लामा के देहांत के बाद उनके अवतार ग्याहरवें पंचेन लामा की पहचान की पद्धति में अंतिम निर्णय दलाईलामा का ही होता है। 1995 में दलाईलामा ने तिब्बत में ही अवतार लिए एक छह वर्षीय बच्चे की पहचान 11वें पंचेन लामा के रूप में की। चीन सरकार ने उसे पूरे परिवार समेत कैद कर लिया और उसे गायब कर दिया था। इसके स्थान पर चीन सरकार ने एक दूसरे बच्चे को अवतार घोषित कर दिया। तब से असली पंचेन लामा का किसी को पता नहीं है और चीन द्वारा घोषित दलाईलामा को तिब्बत के लोगों की मान्यता नहीं है।

# समर्पण का भाव

## चिंतन-मनन

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

जब आदियोगी ने अपना ज्ञान अपने पहले सात शिष्यों के साथ साझा किया तब उन्होंने वे 112 तरीके खोजे और शिष्यों को समझाए, जिनसे कोई मनुष्य अपने अंतिम स्वभाव तक पहुंच सके यानी आत्मज्ञान पा सके। जब उन्हें लगा कि वे शिष्य, सप्तर्षि इन 112 तरीकों को समझने में समय लेंगे तो उन्होंने उन विधियों को 16-16 तरीकों के 7 भागों में बांट दिया और फिर उनमें से हरेक को आत्मज्ञान पाने के 16 अलग-अलग तरीके ही सिखाए। कथा कहती है कि सप्तर्षियों को ये 16 तरीके सीखने में भी 84 साल लगे। इन 84 सालों में वे सब वहीं, आदियोगी के साथ ही रहे थे, जो उनके सिर्फ गुरु ही नहीं थे, बल्कि सब कुछ हो गए थे। अलग-अलग तरीके सीखने के बाद जब वे इस ज्ञान से प्रकाशित हो रहे थे तब आदियोगी ने उनसे कहा, अब जाने का समय आ गया है! इस बात से वे सब ऋषि बहुत ज्यादा भावुक हो गए, क्योंकि आदियोगी के बिना वे अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। पर आदियोगी ने उनसे कहा अब जाने का समय है। तुम लोगों को जाकर अब ये बाकी संसार के साथ साझा करना होगा। जब वे लोग निकल ही रहे थे, तभी आदियोगी ने पूछा, मेरी गुरु दक्षिणा का क्या? गुरु को दक्षिणा की जरूरत नहीं होती पर वे ये चाहते हैं कि जाने के समय शिष्य समर्पण के भाव के साथ जाएं क्योंकि मनुष्य जब समर्पन के भाव में होता है, तो वो अपनी सबसे अच्छी अवस्था में होता है। तो आदियोगी ने उनसे गुरु दक्षिणा मांगी और ये लोग उलझन में पड़ गए। उनके पास था ही क्या जो वे गुरु को अर्पण करते। कुछ देर तक ऐसी उलझन में रहने के बाद अगस्त्य ने गुरु का इशारा समझते हुए कहा, मेरे जीवन में सबसे कीमती चीजें जीवन के ये 16 आयाम हैं, मेरे जीवन से भी ज्यादा कीमती, जो मैंने अपने गुरु से पाए हैं, मैं वो ही आपको समर्पित करता हूं। इतने सारे सालों की कठोर साधना से उन्होंने जो कुछ पाया था वो आदियोगी को वापस कर दिया। इस इशारे को समझ कर बाकी के शिष्यों ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने दिन रात एक कर के 84 साल तक साधना कर के जो कुछ पाया था वो बस एक ही पल में, गुरु दक्षिणा के रूप में गुरु के चरणों में रख दिया। आदियोगी ने शांत भाव से कहा, अब जाने का समय है! वे खाली हाथ चल पड़े, उनके पास कुछ नहीं था और यही आदियोगी की शिक्षा का सबसे महान पहलू था।

## आपके पत्र

### भूस्खलन का कारण अंधाधुंध निर्माण

**हिमाचल** प्रदेश में भूस्खलन से भारी तबाही हुई है। लेकिन हमें यह चिंतन करने की जरूरत है कि भूस्खलन का कारण कहीं गलत तरीके या कुदरत की लक्ष्मण रेखा से बाहर जाकर किए जा रहे काम तो नहीं? पहाड़ी क्षेत्रों में सडकों का निर्माण करने के लिए जिन साधनों का प्रयोग किया जाता है, उससे पहाड़ों की नींव कमजोर पड़ जाती है, जो वाहनों की आवाजाही से दिन-प्रतिदिन और कमजोर हो जाती है और एक दिन भविष्य में ऐसा भी आ जाता है कि यह पहाड़ लोगों की जिंदगी के लिए खतरा भी बन सकते हैं।

राज्य और केंद्र सरकारों को ऐसे रास्तों और पहाड़ों का निरीक्षण करवाना चाहिए। जहां कहीं भी कोई कमी नजर आए, तो उस पहाड़ को खुद गिरा देना चाहिए ताकि भविष्य में वो जन-धन की हानि का कारण न बने। भूस्खलन को रोकने के लिए हमें अंधाधुंध निर्माण तुरंत रोकना होगा।

**बीके शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## सुरक्षित व सुगम जलार्पण है उद्देश्य : डीसी

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई है कि देवतुल्य श्रद्धालुओं के सुलभ व सुरक्षित जर्लापण कराने के उद्देश्य से राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अवसर पर राज्य सरकार के निदेर्शानुसार वीआईपी, वीवीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन पर, पूर्व की तरह, पूर्णतः रोक लगाई गई है, ताकि देवतुल्य श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जर्लापण कराया जा सके। ज्ञात हो कि यह निर्देश, श्रद्धालुओं की अपार संख्या को देखते हुए, उनके जान माल की सुरक्षा व सुगम जलार्पण हेतु दिया गया हैं। साथ हीं श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए श्रावणी मेला के दौरान वीआईपी, वीवीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूर्णतः रोक 2015 से ही लगाई गयी है।

## संग्रह प्रपत्र के समेकन पर कार्यशाला




**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले में संचालित सभी कोटि के विद्यालयों से यूडीआईएसई 25-26 आंकड़ा संग्रह प्रपत्र के समेकन हेतु जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ साहिबगंज में किया गया,जिसमें सभी प्रखंडों से आए हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ब्लॉक एमआईएस,कोऑर्डिनेटर ब्लॉक डाटा एंट्री ऑपरेटर सभी पसंकुल साधन सेवी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया !प्रशिक्षण के दरमियान सभी को यह बताया गया कि विद्यालयों से शैक्षणिक सत्र 25- 26 हेतु विद्यालय से संबंधित सभी प्रकार के आंकड़े यथा विद्यालय में नामांकन,शिक्षको की संख्या,आधारभूत संरचना आदि से संबंधित त्रुटिहिना आंकड़ों प्राप्त किया जाना है।जिला स्तर पर प्रशिक्षित सभी कर्मियों द्वारा प्रखंड स्तर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं एक सहायक शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाएगा !उक्त प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यालयों से त्रुटिहीन आंकड़ों की प्रविष्टि ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक मनीष कुमार गुप्ता,जिला एमआईएस कोऑर्डिनेटर,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयेन्द्र कुमार मिश्र, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिवारी,तथा प्रखंडों से आए हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सीआरपी एमआईएस कोऑर्डिनेटर डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

## असामाजिक लोगों ने पीपल वृक्ष को किया नष्ट



साहिबगंज : शहर के जनता घाट में शुक्रवार देर रात्रि मंदिर परिसर समीप लगे पीपल के वृक्ष को सामाजिक तत्वों द्वारा नष्ट कर दिया गया।जिसको लेकर आसपास के ग्रामणी साथ हीं जनता घाट समिति में नाराजगी है।वहीं जनता घाट समिति के सदस्यों ने प्रशासन से कारवाई की मांग किया है।जानकारी देते हुए संजय यादव ने बताया कि जनता घाट समीप मंदिर प्रांगण के पास पीपल का वृक्ष लगाया गया था।इस वृक्ष को नष्ट करने की धमकी कुछ असामाजिक लोगों के द्वारा दिया जा रहा था। ऐसे में शनिवार की सुबह को ग्रामीण ने पीपल के वृक्ष को नष्ट अवस्था में देखा । इस घटना को लेकर ग्रामीण संजय यादव,लोकनाथ चौधरी, सिवनाथ राय,हिरदानद साह,रामधनी पाशवान,सुबाष गोड़,गुडडू राय,राजकुमार चौधरी,बालमीकी यादव,अन्य ने दुख जाहिर किया है।

## श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन ने निर्धारित किया दर

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेशानुसार राजकीय श्रावणी मेला 2025 के सफल संचालन एवं यहाँ आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पेड़ा, चुड़ा एवं ईलायचीदाना की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं दर निर्धारण किया गया है। ज्ञात हो कि बाबा नगरी देवघर आने वाले श्रद्धालु बाबा को जलार्पण करने के पश्चात यहां से प्रसाद के रूप में पेड़ा-चूड़ा एवं ईलायचीदाना खरीदकर ले जाते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन की जिम्मेवारी है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित दर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध करवायी जाय। साथ ही किसी थोक या खुदरा विक्रेता द्वारा श्रावणी मेला के दौरान यहाँ आगन्तुक श्रद्धालुओं से पेड़ा-चुड़ा या ईलायचीदाना का निर्धारित दर से अधिक वसूल किया जाता है, तो ऐसा करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। मिली जानकारी के मुताबिकखाद्य पदार्थों के मूल्य में सामान्य बढ़ोतरी की गयी हैः- निर्धारित दर इस प्रकार है
पेड़ा-800 ग्राम खोवा एवं 200 ग्राम चीनी= 400/- रुपए।
पेड़ा-700 ग्राम खोवा एवं 300 ग्राम चीनी= 360/- रुपए।
चुड़ा-रायपुर चुड़ा-5000 से 5500 रूपया प्रति क्विंटल एवं 80 रुपए प्रतिकिलो।
चुड़ा-वर्द्धमान चुड़ा-4800 से 5500 रूपया प्रति क्विंटल एवं 60 रुपए प्रतिकिलो।
ईलायचीदाना-5500 से 6000 रूपया प्रति क्विंटल एवं 80 प्रति किलोग्राम।
वहीं उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेशानुसार राजकीय श्रावणी मेला 2025 के सफल संचालन एवं यहाँ आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए भोजन सामग्री का नियत दर एवं वर्तमान में सर्वेक्षित दर की तुलनात्मक समीक्षा की गयी। साथ ही समीक्षोपरांत वर्ष-2025 के श्रावणी मेला के लिए होटल एवं भोजनालय के भोजन सामग्री का दर स्वीकृत किया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक खाद्य पदार्थों के मूल्य में सामान्य बढ़ोतरी की गयी सूची इस प्रकार हैः-
मारवाड़ी बासा भरपेट भोजन = 80.00 रू0 प्रति व्यक्ति
चावल प्लेन अच्छी किस्म (150 ग्राम चावल का भात)= 60.00 रू0 प्रति प्लेट
आलू परवल स्पेशल 80.00 रू0 प्रति प्लेट
मटर पनीर स्पेशल 180.00 रू0 प्रति प्लेट
आलू गोभी स्पेशल 130.00 रू0 प्रति प्लेट

# विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है : कुलपति

संवाददाता

**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में शुक्रवार को स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. राजीव कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने इस कार्यशाला को एनईपी के सुचारू क्रियान्वयन की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य शिक्षा को समावेशी, बहु-विषयी और कौशल उन्मुख बनाना है, जिसे कॉलेज स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना आवश्यक है। डॉ. जयेन्द्र यादव, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, ने यूजी नामांकन प्रक्रिया से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। उन्होंने नामांकन में पारदर्शिता बनाए रखने, छात्रों के साथ समुचित व्यवहार करने, दस्तावेज सत्यापन के दौरान सतर्कता बरतने एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका कॉलेज स्तर पर विशेष ध्यान रखा जाए।

कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनईपी केवल पाठ्यक्रम बदलाव नहीं है, बल्कि यह शिक्षण और अधिगम की एक व्यापक संस्कृति परिवर्तन है। उन्होंने सभी कॉलेजों के नोडल अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने महाविद्यालयों में भी इसी प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करें ताकि शिक्षकों और छात्रों को नई प्रणाली की समुचित जानकारी मिल सके।




कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के एनईपी नोडल अधिकारी दीपक कुमार दास ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संशोधित रूपरेखा की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। उन्होंने बताया कि हाल ही में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा एनईपी नियमावली में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं, जिन्हें शैक्षणिक सत्र 2025झ29 से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेजर कोर्स के एक पेपर में अब ₹भारतीय ज्ञान परंपरा₹ को समाहित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और मूल विचारधाराओं से परिचित कराना है। इसके अतिरिक्त, जिन विषयों में प्रयोगात्मक कार्य होता है, उन सभी मेजर कोर्स में अब 25 अंकों का प्रायोगिक मूल्यांकन अनिवार्य रूप से जोड़ा गया है, जिससे छात्रों की व्यावहारिक दक्षता में वृद्धि हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व प्रचलित 'माइनर विषय' की अवधारणा को हटाकर अब 'एसोसिएटेड कोर' और 'इलेक्टिव' विषयों की नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जो छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन की अधिक स्वतंत्रता प्रदान करती है। साथ ही, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के अंतर्गत अब कंप्यूटर आधारित विषयों को शामिल किया गया है, जिससे छात्र तकनीकी रूप से दक्ष बन सकें और आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। अंत में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह संशोधित नियमावली केवल उन्हीं छात्रों पर लागू होगी जो सत्र 2025झ29 में नामांकित होंगे, जबकि इससे पूर्व नामांकित विद्यार्थियों की पढ़ाई पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम एवं संरचना के अनुरूप ही संचालित की जाएगी।

कार्यशाला के अंतिम सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों से आए नोडल अधिकारियों के साथ खुला प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जहाँ उन्होंने कार्यान्वयन से संबंधित शंकाएं और सुझाव प्रस्तुत किए। इन सभी प्रश्नों का संतोषजनक समाधान विश्वविद्यालय की टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय की सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. पूनम हेम्ब्रम के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग और सकारात्मक सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की सफलता में एनईपी टास्क फोर्स के सदस्य डॉ. इन्द्रजीत कुमार, सहायक मजोज, श्री पंकज तथा अन्य सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित कीं।

# नप की समस्याओं को लेकर सिविल सोसाइटी ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन



दुमका : शुक्रवार को सिविल सोसायटी दुमका का छःह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिले के उपायुक्त अभिजीत कुमार सिन्हा से दुमका समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में मिलकर एक ज्ञापन सौंपा,जिसमें दुमका नगर परिषद् क्षेत्र की जनसमस्याओं जैसे पेयजल,स्ट्रीट लाइट,साफ-सफाई,अतिक्रमण,विजयपुर में नवनिर्मित विद्युत शवदाह गृह को चालू करने की बात प्रमुखता से बिन्दुवार रखा।

ज्ञापन में सिविल सोसायटी दुमका ने जल्द से जल्द टीन बाजार भारतरत्न कपूर्री जी के प्रतिमा स्थल के आसपास साफ सफाई कर जर्जर अवस्था में पड़े प्याऊ को डिमोलिश कर सौंदर्यीकरण किया जाए।मुक्तिधाम में विद्युत शवदाह गृह बनकर तैयार है लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने पर भी यह चालू नहीं हुआ है और तो और अब लोहें से बने दरवाजा भी टुट कर गिरा हुआ है साथ ही यहां अन्य सामग्री भी नष्ट हो रहा हो हैं।एक हाईमास्क भी कुछ महीने पुर्व लगा किन्तु आज खराब पड़ा है, चारों ओर झाड़ियों और गंदगी से भरा हुआ है। आमजनों की सुविधा हेतु साफ सफाई के साथ शवदाह गृह को चालू किया जाए।

अतिक्रमण मुक्त कराने में सिविल सोसायटी दुमका ने उपायुक्त को साधुवाद दिया किंतु कहीं तोड़ो और कहीं छोड़ों पर असंतोष व्यक्त किया। वीर कुंवर सिंह चौक पर सब्जी बेचने वाली महिलाओं को चौक से हटाकर मंदिर तरफ बिठाया गया था किंतु दो ही दिन में जहां थे वहीं आ गए । इस पर सिविल सोसायटी ने इन सभी महिलाओं को सराय रोड में स्थाई तौर पर जगह आवंटित करने का निवेदन किया है ताकि इन गरीब महिलाओं को व्यापार के लिए जगह मिल जाएगा और सराय में अवैध अतिक्रमण कर ईंट और गिट्टी का कारोबार कर रहे लोगों से निजात मिलेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी शुतांशु खालको के द्वारा निविदा की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी संवेदक की मिलीभगत से पेयजल आपूर्ति योजना चलवाने के साथ अन्य कई ऐसे योजना जिसमें इनको सीधे सीधे लाभ होगा उन पर कार्य किया जा रहा सिवाय नगर परिषद् क्षेत्र की जनसमस्याओं को छोड़कर।एक भी वार्ड बिना गंदगी का नहीं है,लेकिन बिजली के खम्भों पर राइस लगाकर प्रकाशमय किया जा रहा है। कार्य सही है किंतु जिस दिन यह कार्य शुरूआत की गई उसी दिन के बाद केंद्रीय कारा के गेट से शिवपहाड़ चौक तक में लगभग 30 बिजली खंबे में लगाए गए लाइट दम तोड़ चुके हैं ये सही नहीं हैं।

प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसाइटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह,रामाकांत साह,मनोज कुमार भालोटिया शामिल थे।

## शिविर के माध्यम से सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है : डीसी

**दुमका :** जिले के मसलिया प्रखंड अंतर्गत गोलबंधा पंचायत में गुरुवार को जनता दरबार सह जन संवाद सह वित्तीय समावेशन एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा किया गया।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से सरकार आपके के द्वार तक पहुँच रही है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान नियमानुसार और त्वरित रूप से किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन ग्रामीणों का अब तक बैंक खाता नहीं खुला है, वे इस शिविर के माध्यम से खाता खुलवाकर वित्तीय सेवाओं से जुड़ सकते हैं। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसे योजनाओं के अंतर्गत सिर्फ 436 एवं 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर जीवन बीमा का लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है, जिससे किसी अनहोनी की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।कहा कि सभी प्रखंडों में 30.9.25 तक सभी प्रखण्डों में वित्तीय समावेशन एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जिला मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जहाँ सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह शिविर मुख्यतः वित्तीय सेवाओं से वंचित लोगों को जोड़ने और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख एवं पंचायत मुखिया ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की।कहा यह शिविर ग्रामीणों के बीच वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इस दौरान विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 3 लाभुकों को 2 लाख रुपये के चेक का वितरण किया गया।10 दीदियों को 11 लाख रुपये का मुद्रा लोन प्रदान किया गया।17 सखी मंडल की दीदियों को कुल 37 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया।सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 3 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## बुजुर्ग सब भी ओपन जीम का लाभ लें : डीसी

संवाददाता

**साहिबगंज :** इन दोनों शहर तो शहर ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसा मानो की विकास का बाढ़ आ गया हो। जिला उपायुक्त हेमंत सती के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में जगह -जगह लगे ओपन जीम ओपन जीम का लाभ शहर के हर वर्ग के लोग सुबह से लेकर देर रात्री तक आनंद लेते है। स्कूल टाइम में टिफिन ओर छुट्टी के समय बच्चे, उसके बाद सुबह शाम महिलाएं, लड़कियां, युवा वर्ग, बुजुर्ग सभी लाभ लेते है। उपायुक्त महोदय से अपील होगा कि शहरी क्षेत्र टाऊन फीडर नंबर 3 में ओपन



जीम लगवाया जाए ताकि इधर के बुजुर्ग सब भी ओपन जीम का लाभ ले सके। रेलवे स्कूल के बाहरी प्रांगण, रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट के बाहरी प्रांगण, स्टेशन प्रांगण, नगर परिषद प्रांगण, टाउन हॉल में लगाया जा सकता है।

## सर्वाइकल कैंसर पर जांच शिविर आयोजित

संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल साहिबगंज में आज सर्वाइकल कैंसर की जांच हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 20



लाभार्थी महिलाओं का निःशुल्क स्क्रीनिंग किया गया।जांच शिविर में डॉ. किरण माला, डॉ. अनीता सिंह एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक श्री साल्कू चंद्र हेम्ब्रम हंसदा की उपस्थिति में सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका के चलते महिलाओं को प्रारंभिक जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ किरण माला ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन यदि समय पर जांच हो जाए तो इसे रोका और इलाज किया जा सकता है। महिलाओं को नियमित रूप से इस प्रकार की जांच करानी चाहिए, और भविष्य में ऐसे और भी जागरूकता कार्यक्रम एवं स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करने की बात कही गई।

# मुहर्रम में अफवाह आने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शहर के इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों से आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।

मौके पर उपायुक्त ने सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों को निर्धारित रूट से ही जुलूस आयोजित करने एवं किसी भी परिस्थिति में रूट ना बदलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आती है, तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी




थाना अथवा जिला प्रशासन को दी जाए। उन्होंने शांति व्यवस्था बिगड़ने की घटना होने पर अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना अथवा जिला कण्ट्रोल रूम को देने की बात कही ' उपायुक्त के द्वारा सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। किसी भी तरह की विधि व्यवस्था के समस्या की सूचना मिलने पर उसके निवारण के लिए त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया '

मौके पर उपायुक्त ने शांति समिति के सभी सदस्यों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए जा रहे दिशा-निर्देशों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी अखाड़ों और अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही जुलूस के दौरान लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ताजिया की लंबाई 4 मीटर से अधिक ना हो। बिजली विभाग के द्वारा यथा संभव बिजली नहीं काटी जाएगी। मुहर्रम के दौरान अप्रिय घटना के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के द्वारा ड्रोन से दुमका शहरी क्षेत्र की निगरानी की जायेगी '

इस दौरान उपायुक्त ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एवं अग्निशमन अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पितांबर सिंह खेरवार ने अखाड़ा समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे शरारती तत्व जो पर्व के दौरान सौहार्द पूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं उन्हें चिन्हित कर पुलिस को सूचित करने की अपील किया। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर साइबर सेल के द्वारा सतत निगरानी रखी जायेगी ' सोशल मीडिया में भ्रामक अफवाह फैलाने की कोशिश करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी '

बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य, अखाड़ों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।





# पति के किरदार पर फिदा हुई आलिया, शेयर किया टीजर

**बॉलीवुड** स्टार आलिया भट्ट ने फिल्म रामायण के टीजर को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और आठ बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डीएनइजी प्रोड्यूस कर रहे हैं, साथ ही यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस का भी सहयोग है।

रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश स्टारर रामायण का पहला टीजर रिलीज हो गया है। आलिया भट्ट को अपने पति रणबीर कपूर की फिल्म रामायण का टीजर बेहद पसंद आया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर रामायण का टीजर शेयर करते हुए लिखा कि कुछ चीजों को शब्दों की जरूरत नहीं होती, यह किसी यादगार चीज की शुरूआत लग रही है. दीवाली 2026 हम इंतजार कर रहे हैं। फिल्म रामायण भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म मानी जा रही है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, भगवान राम, साई पल्लवी, माता सीता और यश, रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इनके अलावे सनी देओल, भगवान हनुमान और रवि दुबे, लक्ष्मण की भूमिका में हैं। फिल्म को खासतौर पर आईमैक्स जैसे बड़े फॉर्मेट के लिए शूट किया जा रहा है। रामायण का पहला पार्ट दिवाली 2026 और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में दुनियाभर में रिलीज होगा।

# चेहरे पर खून, बड़ी मूंछें और खतरनाक हथियार, सलमान का बैटल ऑफ गलवान

**बॉलीवुड** स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। सलमान खान की अगली फिल्म को लेकर हमेशा ही जबरदस्त चर्चा रहती है। खासकर जब से खबरें आईं कि सलमान एक ऐसी फिल्म कर रहे हैं, जो गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है, फैंस बेसब्री से इसका पहला लुक देखने का इंतजार कर रहे थे। सलमान खान की अगली फिल्म बैटल ऑफ गलवान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। इसमें सलमान के चेहरे पर खून के निशान, बड़ी मूंछें और आंखों में देशभक्ति की चमक दिख रही है। वह तार में लिपटे एक कांटेदार हथियार को पकड़े नजर आ रहे हैं। उनके बैकग्राउंड में बर्फ से ढके पहाड़ नजर आ रहे हैं।




सलमान सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। पोस्टर से साफ पता चलता है कि फिल्म एक सच्ची लड़ाई की कहानी पर बनी है, जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी। सैनिकों ने डंडों, पत्थरों और हाथों से ही संघर्ष किया था। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी। 15 जून को हुई इस भिड़ंत में दोनों देशों के सैनिकों की जान गई थी। अर्पूव लाखिया के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सलमान खान, कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। अब बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान को एक बिल्कुल नए अवतार में देखने का जोश अपने चरम पर है।

# फिर एक साथ दिखेगी अक्षय-सैफ की सुपरहिट जोड़ी

**बॉलीवुड** स्टार अक्षय कुमार और सैफ अली खान की सुपरहिट जोड़ी फिल्म हैवान में साथ नजर आ सकती है। अक्षय और सैफ ने ये दिल्लगी, मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, तू चोर मैं सिपाही, कीमत, आरजू और टशन जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। अब यह जोड़ी एक बार फिर साथ आ रही है। चर्चा है कि फिल्मकार प्रियदर्शन अक्षय और सैफ की जोड़ी को फिर से साथ में ला रहे हैं।



कहा जा रहा है अक्षय और सैफ फिल्म हैवान में साथ दिखने वाले हैं। यदि सबकुछ सही रहा तो अक्षय और सैफ की सुपरहिट जोड़ी सिल्वर स्कीन पर फिर से धमाल मचाती नजर आ सकती है।

## गुकेश ने नंबर वन कार्लसन को फिर हराया, महीने में लगातार दूसरी जीत, ग्रैंड चेस टूर्नामेंट के छठे राउंड में दी मात

**एजेंसी/जाग्रेबः** मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने क्रोएशिया के जाग्रेब में चल रहे ग्रैंड चेस टूर्नामेंट के छठे राउंड में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हराया। गुकेश पहले दिन कालर्सन के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर थे। अब वर्ल्ड नंबर-1 को हराकर 10 अंकों के साथ बढ़त पर आ गए हैं। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नॉर्वे शतरंज में हराया था।

गुकेश को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पोलैंड के डूडा ने 59 चालों में मात दी थी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और हमवतन प्रज्ञानंद को हराया। टूर्नामेंट के चौथे और पांचवें राउंड में गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिका के फेबियानो करूआना को हराया था, जिसके बाद उनका मुकाबला कार्लसन से हुआ।



## क्या किसी बड़े धमाके की तैयारी में श्रीलीला? नया लुक बना चर्चा का विषय

**श्रीलीला** ने अपनी शानदार एक्टिंग से सबका दिल जीत लिया है। फिलहाल वो इंडस्ट्री की सबसे चर्चित एक्ट्रेस हैं, जिनसे हर कोई इंप्रेस है। इस बीच उनकी एक झलक महबूब स्टूडियो से सामने आई है, जिसे देखकर लोग पूछ रहे हैं क्या वो किसी बड़ी फिल्म की शूटिंग कर रही हैं?

हाल ही में श्रीलीला का एक वीडियो सामने आया है, जिसने उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर चचाओं को और तेज कर दिया है। अभी तक उनका बॉलीवुड डेब्यू कार्तिक आर्यन के साथ आया भी नहीं है, लेकिन उससे पहले ही वो खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। अब उन्हें महबूब स्टूडियो में देखा गया, जहां वो किसी बड़े प्रोजेक्ट की शूटिंग करती नजर आईं। बस फिर क्या था, फैन्स के बीच ये जानने की बेसब्री और बढ़ गई है कि आखिर श्रीलीला किस बड़ी चीज की तैयारी कर रही हैं।

अब सबकी नजरें सिर्फ श्रीलीला पर टिकी हैं। इतनी कम उम्र में उन्होंने जो नाम और शोहरत कमाई है, वो काबिल-ए-तारीफ है। वो अब सिर्फ एक एक्ट्रेस नहीं, बल्कि अगली बड़ी सुपरस्टार बन चुकी हैं, जिन पर हर किसी की नजर है। दिलचस्प बात ये है कि हाल के समय में किसी भी एक्ट्रेस को इतने बड़े प्रोजेक्ट इतने जल्दी नहीं मिले, जितने श्रीलीला को मिल रहे हैं। फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि अब वो आगे क्या धमाका करने वाली हैं।

# हाईकोर्ट से सैफ अली को बड़ा झटका, हाथ से निकली पटौदी खानदान की 15000 करोड़ की प्रॉपर्टी





**बॉलीवुड** एक्टर सैफ अली खान को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने उनकी भोपाल में मौजूद पटौदी खानदान की प्रॉपर्टीज को 'एनिमी प्रॉपर्टी' करार दे दिया है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट का 25 साल पुराना फैसला रिजेक्ट करते हुए मामले की सुनवाई फिर से किए जाने का आदेश दिया। दरअसल, भारत सरकार ने भोपाल स्थित उनकी कई पुश्तैनी संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया जिसकी वजह से 15,000 करोड़ की संपत्ति पर उनका अधिकार अब संकट में पड़ गया है।

हाईकोर्ट ने कहा है कि सैफ अली खान की 15000 करोड़ की प्रॉपर्टी से जुड़े इस मामले की जांच शुरूआत से फिर से की जाए। इसके अलावा ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया गया है कि एक साल के अंदर इसकी कार्यवाही पूरी की जाए।

**क्या होती है शत्रु संपत्ति?**

शत्रु संपत्ति में ऐसी संपत्तियों को रखा गया है जो उन लोगों की होती है जो पाकिस्तान चले गए हैं और भारत की नागरिकता छोड़ दी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद भारत सरकार ने 1968 में शत्रु संपत्ति अधिनियम बनाया जिसके तहत ऐसे प्रवासी नागरिकों की संपत्तियां कस्टोडियन ऑफ एनेमी प्रॉपर्टी नामक संस्था के अधीन आ गईं।

**सैफ अली खान का क्या है मामला? :** सैफ अली खान की मौसेरी नानी और भोपाल नवाब हमीदुल्लाह खान की बेटी अबिदा सुल्तान भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान चली गई थीं और वहां की नागरिकता ले ली थी जबकि उनकी बहन साजिदा सुल्तान भारत में ही रहीं और उन्हीं के वंश में सैफ अली खान आते हैं।

वहीं एनिमी प्रॉपर्टी एक्ट के तहत सरकार को बटवारे के बाद पाकिस्तान चले गए लोगों की प्रॉपर्टी पर कब्जा करने का हक देता है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद सैफ अली खान की भोपाल में मौजूद कई प्रॉपर्टीज अब सरकार के अधीन हो गई है। इनमें एक्टर के बचपन का घर फ्लैग स्टाफ हाउस, नूर-उस-सबा पैलेस, दार-उस-सलाम, हबीबी का बंगला, अहमदाबाद पैलेस और कोहेफिजा प्रॉपर्टी भी शामिल हैं। वर्कफ्रंट पर सैफ अली खान आखिरी बार फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आए थे। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। उनके पास अक्षय कुमार के साथ प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' भी पाइपलाइन में है।



## भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने तोड़ा बीसीसीआई का रूल

**बर्मिंघमः** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट के दूसरे दिन बीसीसीआई के एक नियम को तोड़ दिया। जडेजा ने बर्मिंघम टेस्ट मैच के दूसरे दिन 89 रन की शानदार पारी खेली। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद जब भारतीय टीम अपने होटल से स्टेडियम आ रही थी, तभी जडेजा ने बीसीसीआई के द्वारा बनाए नियम को ताक पर रख दिया।

जडेजा ने बीसीसीआई एक प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया, जिसे भारत के 2024-25 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद लागू किया गया था। इस प्रोटोकॉल के अनुसार, सभी खिलाड़ियों को टीम बस से एक साथ मैदान पर आना-जाना होगा, लेकिन बर्मिंघम टेस्ट के दूसरे दिन जडेजा टीम बस में स्टेडियम नहीं पहुंचे थे। वह सबसे पहले यहां अकेले आ गए थे। एजबेस्टन पहुंचने के बाद रविंद्र जडेजा ने सबसे पहले बैटिंग नेट सेशन किया।

# तेरी बैटिंग देख दिल को सुकून मिलेया , दोहरे शतक के बाद माता-पिता का संदेश सुन इमोशनल हुए शुभमन गिल

**एजेंसी/लंदनः** टेस्ट में कप्तानी मिलने के बाद जैसे शुभमन गिल की बल्लेबाजी निखर सी गई है। इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू सीरीज के पहले दोनों मुकाबलों में उनके बल्ले से शतक आया है। एजबेस्टन टेस्ट में तो उनके पास तिहरा शतक जड़ने का मौका था, लेकिन वह 269 रन पर आउट हो गए। यह किसी भी भारतीय कप्तान का टेस्ट में सर्वोच्च स्कोर है। इस बीच टीम इंडिया के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से गिल का एक बहुत ही प्यारा वीडियो शेयर किया गया है। उसमें वह दोहरा शतक



लगाने के बाद माता-पिता की तरफ से भेजे वॉइस नोट को सुनते दिख रहे हैं। इस दौरान वह थोड़े इमोशनल भी दिख रहे हैं। वॉइस नोट में शुभमन गिल के पिता लखविंदर सिंह अपने बेटे के प्रदर्शन से खूब गदगद लग रहे हैं।

हों भी क्यों न, बेटे ने रिकॉर्डतोड़ पारी जो खेली है। वह कहते हैं, ह्यशुभमन बेटा, वेल प्लेड। तेरी बैटिंग देख के बहुत मजा आया और दिल को बहुत सुकून मिलेया। जैसे तू छोटा अंडर-16, अंडर-19 खेलता था, उसी तरह की बैटिंग लगी और बहुत ही प्राउड फील हुआ। गिल की मां ने भी वॉइस नोट भेजकर बेटे को आशीर्वाद दिया है। वह ऑडियो संदेश में यह कहते हुए सुनी जा रही हैं, बहुत अच्छा लगा बेटा तेरा बैटिंग देखकर। कीप गोइंग। गॉड ब्लेस यू। माता-पिता के भेजे वॉइस नोट को सुनकर गिल थोड़े इमोशनल हो जाते हैं। वह कहते हैं, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। गिल कहते हैं, बड़ा होते हुए मैंने अपना सारा क्रिकेट डैड के साथ ही खेला था।

## साफ हवा भी दिल के लिए खतरनाक, नई रिसर्च में हुआ चौंकाने वाला खुलासा



**एजेंसी/ न्यूयॉर्कः** प्रदूषण के सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा (लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है, जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट के आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरूआती लक्षण दिखाई दिए। अध्ययन के अनुसार प्रदूषित हवा भले ही वह सुरक्षित मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है। यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित लोगों दोनों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया।

**क्या कहती है आरएसएनए की पत्रिकाः** रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका रेडियोलॉजी में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है, जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है। शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और वे अकडकर सिकुड़ने लगती हैं।

**टोरंटो विश्वविद्यालय की रिपोर्टः** टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिंग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन (एमडी, एमपीएच) ने कहा कि हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डॉ. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिंग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2.5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया। दशमलव पांच माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले पीएम 2.5 कण इतने छोटे होते हैं कि फेफड़ों के माध्यम से रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। वाहनों से निकने वाले धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन और जंगल की आग का धुआं वायु प्रदूषण के इस स्तर के श्रेणी में मुख्य रूप से आता है।

**इन पर हुआ शोधः** शोधकर्ता स्वस्थ और हृदय रोग से पीड़ित लोगों दोनों पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का मूल्यांकन करना चाहते थे, इसलिए अध्ययन समूह में 201 स्वस्थ व्यक्ति और 493 रोगियों को शामिल किया गया था, जिनमें विस्तारित कार्डियोमायोपैथी रोग था। यह बीमारी हृदय को रक्त पंप करने में अधिक कठिनाई पैदा करती है। डॉ. हैनिमन ने कहा कि लंबे समय तक महीन कण वाले वायु प्रदूषण के उच्च संपर्क में रहने से कार्डियोमायोरैथी रोगियों और स्वस्थ लोगों के दिलों में मायोकार्डियल फाइब्रोसिस के उच्च स्तर पाए गए। इससे यह पता चलता है कि मायोकार्डियल फाइब्रोसिस एक अंतर्निहित तंत्र हो सकता है, जिसमें वायु प्रदूषण हृदय संबंधी जटिलताएं पैदा करता है। सबसे बड़ा प्रभाव महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले रोगियों में देखा गया। वायु प्रदूषण के स्तर में मामूली वृद्धि भी हृदय पर काफी प्रभाव डाल सकती है।

# ऑपरेशन सिंदूर रोकने का फैसला मास्टर स्ट्रोक भारतीय सेना केंद्र सरकार के फैसले के साथ



**नई दिल्लीः** बीते मई के महीने में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बीच बढ़त के बीच भारत का सीजफायर के लिए तैयार हो जाना, भले ही विपक्ष और सेना के कुछ रिटायर्ड अधिकारियों का रास नहीं आ रहा है, लेकिन अब भारतीय सेना ने सरकार केइस कदम को मास्टर स्ट्रोक बताया है। भारत के डिप्टी आर्मी चीफ राहुल आर सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को सटीक सैन्य कार्रवाई बताते हुए कहा कि भारत ने सभी कार्रवाइयों को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से लेकर खत्म करने तक के फैसले को एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताया। डिप्टी चीफ ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का फैसला मास्टर स्ट्रोक था।

उन्होंने कहा कि यह तय किया गया था कि जब भी हमला हो, हमें उनसे आगे रहना है। हालांकि यह भी योजना थी कि अपने लक्ष्यों को पूरा करने के बाद हम इस जंग को रोकने की कोशिश करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि सही समय पर इस संघर्ष को रोकना एक शानदार योजना थी। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्रवाई में जानबूझकर सेना, वायु सेना और नौसेना तीनों को शामिल किया गया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि हम एक हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 21 टारगेट को फाइनल किया था, जिनमें से नौ लक्ष्यों पर हमला करना हमारे लिए समझदारी भरा कदम था। उन्होंने कहा कि टारगेट का चयन करने के लिए तकनीक की भी मदद ली गई थी।

एक साथ तीन दुश्मन देशों से लड़ रहा था भारतः भारत के उप सेना प्रमुख जनरल राहुल सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत सिर्फ पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन और तुर्किये के खिलाफ भी लड़ रहा था। यह लड़ाई एक तरह से तीन दुश्मनों से थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से चली जंग के दौरान चीन की ओर से उसे भारतीय सेना से जुड़े लाइव अपडेट्स दिए जा रहे थे। इसके अलावा तुर्किये भी उसकी मदद में था। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि हमारे पास सीमा एक थी, लेकिन दुश्मन दो थे और वास्तव में तो ये तीन थे। पाकिस्तान सामने था ही और चीन उसे हर तरह से मदद पहुंचा रहा था। यहां तक कि पाकिस्तान के पास जो हथियार हैं, उनमें से 81 फीसदी तो चीन के ही हैं। इस तरह चीन ने अपने हथियारों की टेस्टिंग भी दूसरे हथियारों के सामने कर ली। इस तरह चीन के लिए अपने हथियार की टेंस्टिंग के मकसद से एक लाइव लैब बन गई। इसी तरह तुर्किये ने भी अपने तरीके से पाकिस्तान को पूरी मदद की।

## मसूद अजहर का ठिकाना पाकिस्तान को नहीं पता, भारत सबूत दे तो करेंगे गिरफ्तार, बिलावल भुट्टो का बड़ा बयान





**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को लेकर बड़ा बयान दिया है।

बिलावल भुट्टो ने कहा है कि पाकिस्तान को यह नहीं पता कि मसूद अजहर कहां है। उन्होंने कहा कि अगर भारत पक्के सबूत देता है कि मसूद अजहर पाकिस्तान में है, तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने यह बातें अल जजीरा को दिए गए एक इंटरव्यू में कहीं।

बिलावल ने यह भी कहा कि भारत ने अभी तक अजहर के पाकिस्तान में होने के कोई सबूत नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा, अगर भारत सबूत देता है तो हम कार्रवाई करेंगे। भुट्टो ने यह भी कहा कि अजहर अफगानिस्तान में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर नाटो उसे वहां पकड़ नहीं सका, तो पाकिस्तान से उसकी गिरफ्तारी की उम्मीद प्रैक्टिकल नहीं है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस ऑपरेशन में मसूद अजहर के 10 परिजन मारे गए थे। इसके बाद मसूद अजहर का एक संदेश भी सामने आया था, जिसमें उसने अपने परिजनों की मौत पर दुख जताया था। मसूद अजहर एक कुख्यात आतंकवादी है और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का संस्थापक और प्रमुख है। उसका पूरा नाम मौलाना मसूद अजहर अल्वी है। उसका जन्म 10 जुलाई 1968 को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में हुआ था। वह 11 भाई-बहनों में से एक है और उसके पिता एक सरकारी स्कूल के हेडमास्टर थे। उसने कराची के जामिया उलूम अल-इस्लामिया से पढ़ाई की और बाद में आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गया। मसूद अजहर पर भारत में कई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड होने का आरोप है, जिनमें 2019 का पुलवामा हमला भी शामिल है, जिसमें 40 उफ्छत्रः जवान शहीद हुए थे।



## दलाई लामा मामले को लेकर भारत सरकार ने जारी किया बयान, किरण रिजिजू के बयानों से बनाई दूरी

**नई दिल्लीः** तिब्बती बौद्ध धर्म के सबसे बड़े आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के हाल के बयान के संदर्भ में भारत ने स्पष्ट किया कि वह आस्था से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने दलाई लामा और उनके उत्तराधिकारी को लेकर चल रहे विवाद पर अपना आधिकारिक बयान जारी किया है। इस मामले को लेकर भारत ने साफ लफ्जों में कहा है कि आस्था और धर्म की मान्यताओं और प्रथाओं से संबंधित मामलों पर भारत टिप्पणी नहीं करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दलाई लामा को लेकर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हमने दलाई लामा संस्था की निरंतरता के बारे में परम पूज्य दलाई लामा द्वारा दिए गए बयान से संबंधित रिपोर्ट देखी हैं। भारत सरकार आस्था और धर्म की मान्यताओं और प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती है और इस पर टिप्पणी नहीं करती है। सरकार ने हमेशा भारत में धर्म की स्वतंत्रता को बरकरार रखा है और ऐसा करना जारी रखेगी। हालांकि इससे पहले अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि दलाई लामा के सभी अनुयायी चाहते हैं कि तिब्बती आध्यात्मिक नेता को स्वयं अपना उत्तराधिकारी चुनना चाहिए। रिजिजू ने स्पष्ट किया था कि वह भारत सरकार की ओर से प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं और न ही वह इस संबंध में चीन द्वारा दिये गए बयान पर कोई राय व्यक्त कर रहे हैं। बता दें कि रिजिजू ने एक बयान में कहा था, दलाई लामा मुद्दे पर किसी भ्रम की कोई जरूरत नहीं है। दुनिया भर में बौद्ध धर्म में आस्था रखने वाले और दलाई लामा को मानने वाले सभी लोग चाहते हैं कि अपने उत्तराधिकार पर फैसला वही करें। मुझे या सरकार को कुछ कहने की कोई जरूरत नहीं है। अगला दलाई लामा कौन होगा, इसका फैसला वही करेंगे। वहीं किरण रिजिजू की इस टिप्पणी पर चीन ने कड़ी आपत्ति जताई थी। चीन ने भारत से तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर सावधानी से काम करने की अपील की है, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर इसका प्रभाव न पड़े।

> **इस मामले को लेकर भारत ने साफ लफ्जों में कहा है कि आस्था और धर्म की मान्यताओं और प्रथाओं से संबंधित मामलों पर भारत टिप्पणी नहीं करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दलाई लामा को लेकर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हमने दलाई लामा संस्था की निरंतरता के बारे में परम पूज्य दलाई लामा द्वारा दिए गए बयान से संबंधित रिपोर्ट देखी हैं।**

## सब लेफ्टिनेंट पूनिया बनी नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट



**नई दिल्लीः** सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट होने का गौरव हासिल किया है। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि विशाखापट्टनम स्थित नौसैनिक एयर बेस पर दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के पूरा होने के बाद उन्हें यह गौरव हासिल हुआ। इस कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट अतुल कुमार और सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को सहायक नौसेना प्रमुख (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ गोल्ड पुरस्कार से सम्मानित किया। सब लेफ्टिनेंट पूनिया नौसेना विमानन की फाइटर स्ट्रीम में शामिल होने वाली पहली महिला हैं। इससे नौसेना में महिला फाइटर पायलटों के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। नौसेना में टोही विमानों और हेलिकॉप्टरों में पायलट तथा नौसेना वायु संचालन अधिकारियों के रूप में पहले से ही महिला अधिकारी काम कर रही हैं। नौसेना ने सब लेफ्टिनेंट पूनिया की इस उपलब्धि की जानकारी सोशल है।

## बिहार में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी कांग्रेस, कवर पर राहुल गांधी की फोटो से मचा बवाल

**पटनाः** बिहार में कांग्रेस चुनाव को लेकर महिलाओं को लुभाने की कोशिश में है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने ऐलान किया है कि पार्टी राज्य में 5 लाख लड़कियों-महिलाओं को सेनेटरी पैड बांट रही है। हालांकि, इसको लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। महिलाओं-लड़कियों के बीच बांटे जाने वाले सेनेटरी पैड के कवर पर राहुल गांधी की तस्वीर छापी गई है। इतना ही नहीं, पैकेट पर माई-बहिन योजना के तहत दिए जाने वाले 2500 रुपये का भी जिक्र है।

अपील इसको लेकर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान राहुल गांधी की तस्वीर के साथ माई-बहिन योजना का स्लोगन छपे सेनेटरी पैड पैकेट लॉन्च किया गया। राजेश कुमार नेकहा, बिहार के परिपेक्ष्य में महिलाओं के लिए हमने विशेष तैयारी की है। राज्य की महिलाओं को सेनेटरी पैड दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा लक्ष्य 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटना है। महिला कांग्रेस हेल्थ के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी।

इसके बाद भाजपा और जेडीयू ने कांग्रेस नेताओं की मानसिकता पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि सैनिटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर बिहार की महिलाओं का अपमान! कांग्रेस एक महिला विरोधी पार्टी है! बिहार की महिलाएं कांग्रेस आरजेडी को सबक सिखाएंगी। पार्टी प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि इससे बड़ी पप्पूगिरी कुछ हो सकती हैं? घृणित, अपमानजनक हैं ये, अपने घर में कांग्रेसी ये पैकेट दे सकते हैं?? चले हैं बिहार में बाँटने। विज्ञापन हीरो बन जाये पप्पू यही बचा हैं।

# भारत में हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी और हर 40 दिन में एक नया हवाई अड्डा बनाः नागरिक उड्डयन मंत्री

**नई दिल्लीः** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हर 40 दिन में एक नए हवाई अड्डे के साथ देश में मात्र 10 वर्षों में 88 नए हवाई अड्डे बने हैं और हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, आज भारत में उड़ान भरना अधिक सुलभ और किफायती हो चुका है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय आकाश अधिक जुड़ा हुआ, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक है। उन्होंने समावेशी विमानन विकास को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक, राज्य-विशिष्ट रणनीतियों के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र नागरिक उड्डयन मंत्रियों का सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और टियर 2 और 3 श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र राज्य में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और राज्य की पहाड़ी भू-भागों में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की महत्ता को रेखांकित किया, जिसके लिए राज्य सरकार और मंत्रालय दोनों प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय द्वारा विमानन क्षेत्र में राज्यों के लिए अवसरों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं। मंत्रालय द्वारा राज्यों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रस्तुतियों के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू के नेतृत्व में राज्य सरकारों के प्रतिनिधिमंडलों और मंत्रालय के अधिकारियों के मध्य बैठकें आयोजित की गईं।

इन बैठकों के साथ राज्यों को अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को सीधे मंत्रालय के समक्ष रखने का अवसर मिला। साथ ही, राज्य सरकारों ने विमानन उद्योग के प्रमुख हितधारकों (एयरलाइंस, ओईएमएस, एफटीओएस, एमआरओएस, एएआई, पीएचएल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) से भी सीधे चर्चा की। सम्मेलन के अंत में आयोजित प्लेनरी सेशन ने पूरे दिन हुई चर्चाओं और निष्कर्षों का समावेश करते हुए एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। केंद्रीय मंत्री नायडू ने उत्तर क्षेत्र के लिए मंत्रालय की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें हेलीपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, उड़ान मार्गों का विस्तार, फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों और एमआरओ को सुदृढ़ करना और केंद्र-राज्य-उद्योग के बीच समन्वय बढ़ाना शामिल था।



न्यूज IN ब्रीफ

## पोक्सो एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**संवाददाता :** दिनांक- 03.07.25 को काण्ड के वादिनी के लिखित आवेदन के आधार पर वादिनी के नाबालिग पुत्री के साथ टी0टांगर थाना क्षेत्र के रहने वाले सूरज राम उम्र- 19 वर्ष, पिता- रामधीर राम, थाना- टी0टांगर, जिला- सिमडेगा के विरूद्ध वादिनी के नाबालिग पुत्रि के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में टी0टांगर थाना कांड सं0 41/25 दिनांक 03.07.2025 धारा- 64(1)/137(2) बी0एन0एस0 एवं 4/6/8 पोक्सो एक्ट के तहत काण्ड अंकित किया गया है। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश आया कि, वादिनी की नाबालिग पुत्रि एवं अभियुक्त करीब एक वर्षों से प्रेम-प्रसंग में थे तथा वर्तमान में काण्ड की पीड़िता करीब 6 माह की गर्भवती है। काण्ड में अग्रतर कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में काण्ड के अभियुक्त सूरज राम, पिता- रामधीर राम, थाना- टी0टांगर, जिला- सिमडेगा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सूरज राम, पिता- रामधीर राम, थाना- टी0टांगर, जिला- सिमडेगा।

## उपायुक्त ने प्रोजेक्ट किशोरी की समीक्षा की



**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा कार्यालय कक्ष में प्रोजेक्ट किशोरी सेनेटरी पैड की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने इस प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी ली और इसे बाजार में उपलब्ध कराने के विभिन बिंदुओं पर समीक्षा की।

बैठक के दौरान उपायुक्त महोदया को प्रोजेक्ट से जुड़े सभी लोगों द्वारा प्रोजेक्ट के बेहतर संचालन एवं बाजार में उपलब्ध कराने के विभिन संभावनाओं हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए और उसपर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें प्रोजेक्ट से जुड़े फेलो एकांश सोमानी द्वारा बताया गया किस प्रकार इस सेनेटरी पैड को बाजार में उचित दरों पर उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों एवं सीएचसी में इसे उपलब्ध कराया जायेगा।

उपायुक्त गुमला ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले अंतर्गत सभी मेडिकल स्टोरों में भी इस सेनेटरी पैड को बिक्री हेतु उपलब्ध कराई जाए। जिससे आसानी से इसकी पहुंच महिलाओं एवं युवतियों तक हो सके। साथ ही साथ सभी किराने की दुकानों पर भी इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करें।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम,२'स्त्र२, मैनेजर असद अंसारी,फेलो अविनाश पाठक ,फेलो अंजली तिवारी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी बैठक में उपस्थित रहे।

## गोली मारकर घायल करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**गुमला :** गुमला पुलिस कप्तान हरीश बिन जामां ने अपने कार्यालय कक्ष में एक कांफ्रेंस आयोजित कर बताया की 3 जुलाई 2025 को मुझे एक सूचना मिली की भरनो थाना अंतर्गत स्थित बरन्दा गांव में एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है और उक्त घायल व्यक्ति को इलाज के लिए पारस अस्पताल रांची ले जाया गया है , उक्त घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मैंने ( पुलिस कप्तान हारीश बिन जामां ) अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में सिसई आंचल पुलिस पदाधिकारी , भरनो , थाना प्रभारी भरनो कंचन प्रजापति पुअनि क्रमशः अभिनंदन कुमार , मंटू चौधरी, अर्जुन कुमार यादव , विजय लकड़ा एवं सशस्त्र पुलिस बल ( सभी भरनो थाना ) उक्त छाप मैरिटल द्वारा घायल व्यक्ति भरनो थाना स्थित बरन्दा गांव निवासी 32 वर्षीय हेमंत कुमार ( पिता - स्व० गोविंद साहू ) के फर्दबयान के आधार पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों लोहरदगा थाना क्षेत्र निवासी 34 वर्षिय शैलेन्द्र कुमार साहू, (पिता स्व० सीताराम साहू ) , लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा थाना स्थित मेन रोड़ भंडरा निवासी आनन्द कुमार साहू ( पिता - लखन साहू ) तथा गुमला जिला अंतर्गत भरनो थाना क्षेत्र के बरन्दा गांव निवासी 23 वर्षीय सूरज कुमार साहू ( पिता - रामचंद्र साहू ) विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक पुछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करते हुयें न्यायिक हिरासत में लेते हुए गुमला जेल भेज दिया गया हैं।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का तीन दिवसीय राखी मेला आज से

**जमशेदपुर :** महिलाओं को सशक्त करने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में 05 से 07 जुलाई (शनिवार, रविवार और सोमवार) तक होने जा रहा हैं जिसकी सभी तैयारियां पुरी हो गयी हैं। मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा। मेला का औपचारिक रूप से उद्घाटन शनिवार 05 जुलाई की शाम 4 बजे वर्ल्ड चौंपियन मुक्केबाज सह डीएसपी अरुणा मिश्रा के द्वारा किया जाएगा। मंच की सभी सदस्य इसे सफल बनाने में लगी हुई हैं। इस मेले में लगभग 50 स्टाल लगाए गये हैं, जिसमें विभिन्न शहरों से आई महिलाओं ने राखियो के स्टाल लगाए हैं।

# उपायुक्त का पर्यटन स्थलों का भ्रमण, जन उपयोगिता पर जोर

संवाददाता

**सिमडेगा :** झमाझम बारिश के बीच उपायुक्त कंचन सिंह ने पर्यटन स्थल करंगागुड़ी धाम का भ्रमण किया। यह भ्रमण पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक के पश्चात प्रस्तावित योजनाओं की वास्तविक उपयोगिता का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया। बैठक में धाम के विकास हेतु विभिन्न योजनाएं प्रस्तुत की गईं, जिनकी स्थलीय समीक्षा कर उपायुक्त ने जनहित में उपयुक्त योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही।

प्रथम भ्रमण के तहत करंगागुड़ी शिव मंदिर का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने यहां सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन, शेड की मरम्मत, हाईमास्ट लाइट लगाने सहित अन्य जनोपयोगी योजनाओं को चुने जाने का निर्देश दिया। विवाह मंडप के संचालन हेतु खेल एवं पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित भवन को समिति को हैंडओवर करने बात कहीं।

दूसरे भ्रमण में उपायुक्त ने वनदुर्गा मंदिर परिसर का दौरा किया। वहां उन्होंने पूजा अर्चना की इसके बाद समिति के सदस्यों के साथ बैठक में मंदिर परिसर की



चारदीवारी, बोरिंग, शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की मांगों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने प्रस्ताव तैयार कर खेल पदाधिकारी को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। समिति ने बताया कि यहां प्रतिदिन झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ से श्रद्धालु आते हैं, जबकि नवरात्रि एवं चैती पूजा में यहां पर एक लाख से भी अधिक श्रद्धालु आते हैं।

तीसरे भ्रमण में उपायुक्त महोदया दनगद्दी पर्यटन पहुंची। दनगद्दी पर्यटन स्थल की प्राकृतिक सुंदरता को देखकर उपायुक्त काफी प्रभावित हुईं। उन्होंने नदी में उतर कर लहरों में आनंद ली तथा वहां की खूबसूरती को अपने फोन के माध्यम से कैद की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिये। गठित पर्यटन मित्र समिति के माध्यम से साफ-सफाई कराए जाने की बात कहीं और प्रति पर्यटकों से एक निर्धारित शुल्क लेने का सुझाव दिया गया। जिसे उस राशि से बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थमाकोल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश भी दिया गया। दूसरी ओर नदी के दूसरे छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विकास योजना तैयार करने पर जोर दिया गया, साथ ही पुलिस पिकेट स्थापित करने की बात भी कही गई। अंत में उपायुक्त ने बोलबा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण कर सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। प्रखंड परिसर के एक पुराने भवन को ध्वस्त करने के निर्देश भी दिए गए।मौके पर उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार, केरसई एवं बोलबा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारीगण, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री अमृत मिंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अतिमहत्वपूर्ण दर्शन के साथ रविवार और सोमवार को शीघ्र दर्शनम की सुविधा पर पूर्णतः रोक : उपायुक्त

बिनय मिश्रा

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बाबा मंदिर प्रांगण स्थित प्रशासनिक भवन में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के सफल संचालन को लेकर पंडा धर्मरक्षणि सभा के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष सभी सदस्य, तीर्थ-पुरोहित समाज के प्रतिनिधियों एवं पंडा समाज के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पंडा धर्मरक्षणि सभा के अध्यक्ष, सरदार पंडा, महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं पंडा समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने अपनी-अपनी बातों के साथ श्रद्धालुओं की बेहतर सुविधा को लेकर अपनी बातों को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राजकीय श्रावणी मेला, 2025 हेतु की जा रही तैयारियों पर चर्चा करते हुए पंडा समाज के सभी प्रतिनिधियों से श्रावणी मेला के सफल संचालन हेतु उनके सहयोग की बात कही। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जनसहयोग से हीं मेला को सफल बनाया जा सकता है। आगे उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व सुगम जलार्पण, आवासन को लेकर की गई विभिन्न तैयारियों के साथ मेला क्षेत्र आधुनिक तकनीकों के उपयोग से सभी को अवगत कराया।

इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा पुरोहित समाज के सुझावों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी के सुझावों पर यथासंभव अमल करते हुए सभी व्यवस्था को दुरूस्त कर लिया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को देखते हुए राजकीय श्रावणी मेला के दौरान , महत्वपूर्ण अतिमहत्वपूर्ण दर्शन के साथ रविवार और सोमवार को शीघ्र दर्शनम की सुविधा पर पूर्णतः रोक रहेगी। आगे उपायुक्त ने सभी के सहयोग से श्रावणी मेला व भादो मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव के साथ सुगम व सुरक्षित जलार्पण की दिशा में कार्य करने की बात कही, ताकि बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर रवाना हो।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा के पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग, नगर आयुक्त रोहित कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार, सिविल सर्जन, संबंधित अधिकारी व कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग (फुटबॉल) के प्रशिक्षु कोच दीपक अंतिल को दी गई विदाई

संवाददाता

**गुमला :** भारतीय खेल प्राधिकरण कोलकाता में संचालित डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग इन फुटबॉल के प्रशिक्षुओं को पूरे भारत के विभिन्न खेल अकादमियों, विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में एक माह की इंटर्नशिप हेतु भेजा जाता है।

इसी क्रम में गुमला जिले में संचालित आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (इंडोर स्टेडियम) की खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर हासिल की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों के फलस्वरूप, पहली बार रअकद्वारा एक प्रशिक्षु कोच को इंटर्नशिप के



लिए इस केंद्र में भेजा गया। प्रशिक्षु कोच दीपक अंतिल को एक माह की इंटर्नशिप पूर्ण करने के उपरांत आज औपचारिक रूप से विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल विभाग की ओर से उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं एवं उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

यह अवसर गुमला जिले के लिए गौरवपूर्ण है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि जिले में संचालित खेल गतिविधियाँ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।

### मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

## सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने पर बल

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला में आगामी 6 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाले मुहर्रम पर्व को लेकर आज नगर भवन, गुमला में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, निदेशक ऊळ्ळ, रऊड सदर, रऊड चैनपुर, रऊड बसिया, रऊढड गुमला, रऊढड चैनपुर, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी, विभिन्न प्रखंडों के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारीगण तथा शांति समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि शहरी क्षेत्रों में मुहर्रम जुलूस नहीं निकाले जाएंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरानुसार जुलूस का आयोजन होगा। जुलूस वाले क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था, साफ-सफाई एवं शांति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

इमामबाड़ों की सफाई, पेयजल की व्यवस्था एवं श्रावण माह और रथ यात्रा के दौरान भी साफ-सफाई तथा विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। सदस्यों ने आपसी सौहार्द पर बल देते हुए कहा कि गुमला एक गमले के समान है, जिसमें विभिन्न धर्मों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अधिकारियों एवं समिति सदस्यों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा




कि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की अफवाह या फेक न्यूज न फैलने पाए। सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाई जाए। झंडों की ऊंचाई लगभग 14 फीट से अधिक न हो और बिजली के तारों के अनुसार ही उनका निर्माण किया जाए। झंडे लकड़ी के हों, मेटल या आयरन के नहीं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना न रहे।

नगर परिषद को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, फ्लैग रूट की निगरानी तथा विद्युत सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि उउळश कैमरे की निगरानी में सारी गतिविधियाँ रहेंगी और यदि किसी व्यक्ति द्वारा फेक न्यूज फैलाने से कोई घटना होती है तो उसपर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि हाई कोर्ट के निदेर्शों एवं प्रशासनिक गाइडलाइंस का अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही निकलेंगे, रूट परिवर्तन का कोई आवेदन मान्य नहीं होगा। उन्होंने समिति से अपील की कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि पर नजर रखें तथा त्योहारों के दौरान संयम बरतें।

एसडीओ सदर राजीव नीरज ने बताया कि इस वर्ष मुहर्रम एवं उल्टी रथ यात्रा एक ही दिन पड़ रही है, ऐसे में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। समयबद्ध एवं समन्वयित कार्यक्रम सुनिश्चित हो, किसी भी अनियमितता की स्थिति में त्वरित सूचना जिला प्रशासन को दी जाए। उन्होंने सभी को शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्योहार मनाने की शुभकामनाएं दीं।

एसडीपीओ गुमला सुरेश यादव ने कहा कि शांति समिति की परंपरा को बनाए रखते हुए सभी त्योहारों में जनसहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपील की कि जुलूस, वाद्य यंत्रों एवं डीजे के उपयोग में सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान किया जाए। पुलिस प्रशासन 24७7 अलर्ट मोड में रहेगा और किसी भी आवश्यकता पर तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक समापन के साथ ही यह संदेश दिया गया कि गुमला जिला प्रशासन, पुलिस एवं नागरिक समाज की सहभागिता से मुहर्रम, श्रावण एवं रथ यात्रा जैसे पावन पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होंगे।

# मधुमक्खी पालन में सिमडेगा मॉडल से प्रभावित हुई राज्य कार्यालय

### पलाश जेएसएलपीएस व लातेहार जिला टीम ने कोलेबिरा-बासिया प्रखंडों में किया सफल उद्यमिता का अवलोकन

संवाददाता

**सिमडेगा :** राज्य कार्यालय, पलाश जेएसएलपीएस तथा लातेहार जिला से आए अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज सिमडेगा जिले के कोलेबिरा एवं बासिया प्रखंडों के मधुमक्खी पालन (अपिकल्चर) परियोजनाओं के अध्ययन हेतु भ्रमण पर पहुँचा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे सफल उद्यमिता प्रयासों का अवलोकन किया और अनुभव साझा किए।

प्रतिनिधिमंडल में राज्य कार्यालय सपोर्ट के खालिद हुसैन (प्रोजेक्ट मैनेजर), श्री विवेक दुबे एवं सुश्री प्रद्मजा गुप्ता (प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव), तथा श्री लावेश कुमार (स्टेट रिसोर्स पर्सन) शामिल थे। लातेहार जिले से श्री संतोष कुमार (जिला




कार्यक्रम प्रबंधक), श्री अंकित कुमार (जिला प्रबंधक - आजीविका), श्री आलोक कुमार (बीपीएम - लातेहार सदर) एवं श्री रामगिरी उरांव (बीपीएम - मनिका) उपस्थित रहे।

भ्रमण की शुरूआत कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा गांव से हुई, जहाँ एपिस सेरेना इंडिका प्रजाति की मधुमक्खियों के 22 बॉक्सों में पालन कर रहे एक स्थानीय किसान ने समूह को लाइव डेमो के माध्यम से मधुमक्खी पालन, शहद संग्रहण तथा छत्तों की देखभाल की जानकारी दी। यह अनुभव सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक रहा।

इसके बाद बासिया प्रखंड के कुदलगा गांव में भ्रमण किया गया, जहाँ जलडेगा प्रखंड से प्रवासी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा एपिस मेलिफेरा प्रजाति के 400 से अधिक बॉक्सों का व्यवस्थित संचालन किया जा रहा है। इन महिलाओं ने अपनी उद्यमिता की विस्तृत व्याख्या, उत्पादन विधियाँ तथा व्यवसाय की प्रगति साझा की, जिसने प्रतिनिधियों को अत्यंत प्रभावित किया।

भ्रमण के दौरान रागी मूल्य संवर्धन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ एफपीओ द्वारा पोषणयुक्त रागी लड्डू, एवं रागी के अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। टीम ने इस पहल की सराहना की और ग्रामीण महिलाओं द्वारा किए जा रहे नवाचारों को सराहा।

तदुपरांत भ्रमण दल कोलेबिरा स्थित पालाश दीदी कैफे में भोजन करते हुए पलाश दीदी कैफे की दीदियों से भी बात चित की। सभी मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा लातेहार के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को स्मृति स्वरूप रागी लड्डू भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शांति मार्डी सहित पलाश जेएसएलपीएस सिमडेगा के जिला कर्मी एवं प्रखंड कर्मी भी उपस्थित हुए।

यह अध्ययन भ्रमण न केवल अनुभव साझा करने का अवसर बना, बल्कि अन्य जिलों को भी ग्रामीण उद्यमिता के सफल मॉडल अपनाने हेतु प्रेरित करेगा।